


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 329 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 29 अगस्त 2024 डाक 30 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
महिला कांग्रेस की सदस्यों ने भोपाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और बलात्कार के मामलों में न्याय और कार्रवाई की मांग को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**
सरकार की नई योजना, 14 से 18 साल की लड़कियों को मिलेगा लाभ, तीन हफ्तों में होगी शुरू



**फीचर पेज**
डेंटल प्रॉब्लम से परेशान हैं? तो इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज... हो सकता है कैंसर



## भरभरा कर ढहा दो मंजिला मकान, मलबे में दबकर एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत

**मैनपुरी, 29 अगस्त [एजेंसी]।**



थाना बिछ्वां के गांव विरायमपुर स्थित एक दो मंजिला मकान का अगला हिस्सा गुरुवार सुबह धंसकने के बाद भरभरा कर ढह गया। इस घटना में मलबे में दबकर तीन महिलाओं की मृत्यु हो गई। एक ही परिवार की तीन बहुओं की मृत्यु से गांव में शोक छा गया है। गांव विरायमपुर निवासी कौशलेंद्र सिंह ने 15 साल पहले पक्का दो मंजिला मकान बनवाया था। वे अपनी पत्नी, चार पुत्रों, चार पुत्र वधुओं और आठ नाती-नातिन के साथ इसी घर में रहते थे। गुरुवार सुबह परिवार के सभी बच्चे विद्यालय गए थे। कौशलेंद्र और उनकी पत्नी घर के बाहर बैठे थे। तीन पुत्र घर के पिछले हिस्से में थे। जबकि तीन पुत्रवधू अगले हिस्से में खाना बना रही थी।

एक पुत्रवधू घर के बाहर मौजूद थी। छोटा पुत्र गांव में गया था। सुबह करीब आठ बजे अचानक मकान का अगला हिस्सा धंसकने के बाद भरभरा कर ढह गया। मकान ढहने की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। मकान के पिछले हिस्से में मौजूद तीनों पुत्रों को मलबा हटाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया। जबकि कौशलेंद्र की पुत्रवधू नीलम, प्रीती और अनुपम को जब तक मलबे से निकाला गया, तब तक तीनों की मृत्यु हो चुकी थी। घटना के बाद गांव में शोक छा गया है।

### वडोदरा में घर की छत पर पहुंच गया मगरमच्छ, बाढ़ से लोगों के हालात खराब

**वडोदरा, 29 अगस्त [एजेंसी]।**

देश के तमाम राज्यों में बारिश आफत बनकर आ रही है। कुछ राज्यों में तो बाढ़ जैसी स्थिति हो रखी है। गुजरात में हालात ज्यादा खराब हो गए हैं। राज्य में नदियां उफान पर है और मौसम विभाग ने आज भी तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। हालात ऐसे हैं कि बाढ़ जैसी स्थिति के कारण वडोदरा में एक घर की छत पर मगरमच्छ देखा गया। घटना का वीडियो वायरल हो गया है। बता दें कि विश्वामित्री नदी के अपने किनारों को तोड़कर आवासीय क्षेत्रों में प्रवेश करने के बाद वडोदरा के कई निचले इलाकों में भारी बाढ़ आ गई।

## महाराष्ट्र में अपनी ही सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रही एनसीपी

**मुंबई, 29 अगस्त [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने के मामले में राजनीति अब तेज हो गई। सत्ताधारी महायुति की घटक दल एनसीपी इस मुद्दे पर आज प्रदर्शन करने जा रही है। डिप्टी सीएम अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने प्रदेशभर में मौन धरना आयोजित करने का ऐलान किया है।

एनसीपी की राज्य इकाई के प्रमुख सुनील तटकरे ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए एक पत्र जारी किया है। इसमें सभी से आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए कहा गया है। तटकरे ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा है कि वे मूर्ति के गिरने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर मौन



विरोध प्रदर्शन में शामिल हों और तहसीलदार और जिला कलेक्टर को पार्टी का ज्ञापन सौंपें। सरकार को छत्रपति शिवाजी महाराज की एक नई और भव्य प्रतिमा और एक स्मारक बनवाना चाहिए, जिससे मराठा योद्धा और भारतीय इतिहास की दिशा बदलने वाले महान नेता को श्रद्धांजलि दी जा सके।डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विपक्ष से इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करने की अपील की है।

वहीं, उनके गठबंधन में शामिल एनसीपी प्रदर्शन करने जा रही है। एनसीपी के इस कदम से भाजपा और शिवसेना हैरान हैं। एनसीपी ने ये फैसला ऐसे समय लिया है जब विपक्षी दल बीजेपी सरकार पर प्रतिमा को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं।

इससे पहले, अजित पवार ने शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर खेद व्यक्त किया और माफी भी मांगी। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज की विशाल प्रतिमा का टूटना हम सबके लिए दुखद है। शिवाजी महाराज हमारे लिए भगवान हैं। मैं इसके लिए महाराष्ट्र की 13 करोड़ जनता से माफी मांगता हूं।

## छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग की बढ़ाई चिंता, संचालक ने तैयारियों की समीक्षा की

**रायपुर , 29 अगस्त [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य सेवाएं के संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिलों को बीमारियों को देखते हुए सावधानी बरतने के निर्देश दिए। बैठक में डायरिया और स्वाइन फ्लू के प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, रोकथाम एवं इलाज के लिए की जा रही तैयारियों की स्थिति पर चर्चा एवं समीक्षा की गई। वीडिया कान्फ्रेंस में प्रदेश के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य




अधिकारी तथा सिविल सर्जन, सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक उपस्थित थे। प्रदेश में स्वाइन फ्लू से सात मरीजों की मौत हो चुकी है। 19 से ज्यादा मरीज मिले है। रायपुर में स्वाइन फ्लू के 16 संदिग्ध मरीज मिले।

इनके स्वाब के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। राजधानी में अब तक एक पॉजिटिव मरीज की पुष्टि हुई है। प्रदेश के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान अंबेडकर अस्पताल के पेइंग वार्ड को स्वाइन फ्लू से पीड़ितों के लिए रिजर्व किया गया है। यहां चार मरीज भर्ती हैं। बिलासपुर सिम्स में चार बेड का आइसोलेटेड वार्ड तैयार किया गया है। स्वाइन फ्लू के शुरुआती लक्षण सामान्य सर्दी से शुरू होते हैं।

एक-दो दिन सर्दी रहने के बाद खांसी, कफ, सिर और हाथ-पांव में दर्द शुरू होता है। बुखार के साथ स्थिति तेजी से बदलती है। खांसी इतनी ज्यादा होती है कि सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। पीड़ित व्यक्ति की छींक या उसके करीब जाने से सांस के जरिए यह दूसरे को संक्रमित करता है। स्वाइन फ्लू से बचने के लिए भी कोरोना की तरह सावधानी जरूरी है। संक्रमित के करीब जाने के पहले मास्क अनिवार्य रूप से लगाएं।

## बीजापुर में नक्सलियों को घेरने निकले जवान की सड़क हादसे में मौत

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा को बाइक पर कैंप ले गया था एएसआई

**बीजापुर, 29 अगस्त [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक सड़क दुर्घटना में एएसआई चमरु राम तेलम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात को डीआरजी का एक दल नक्सलियों के मांद तिमेनार और बेचापाल क्षेत्र में सर्चिंग पर निकला था। इस दौरान, दल की बाइक बेचापाल के पास पहाड़ी रास्ते और खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अंधेरे



में बाइक के फिसलने से एएसआई चमरु राम को सिर में गंभीर चोटें आईं। चमरु राम को तुरंत समीप के नेलसनार अस्पताल में ले जाया गया, जहां गंभीर स्थिति के बावजूद उनका इलाज शुरू किया गया, लेकिन उनकी चोटों की गंभीरता के कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चमरु राम ग्राम मोरमेड, बीजापुर तहसील का निवासी था।बीते 16 अगस्त को पालनार प्रवास पर आए प्रदेश के गृह मंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा को बाइक में जवान बैठाकर शिविर स्थल तक ले गया था।

एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि मृत एएसआई को बीजापुर में पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। इसके बाद, उनके गृहग्राम मोरमेड में अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## स्मृति ईरानी के बदले तेवर, राहुल गांधी की तारीफों के बांधे पुल

**नईदिल्ली, 29 अगस्त [एजेंसी]।**

भाजपा नेता स्मृति ईरानी के तेवर बदले-बदले से लग रहे हैं। अमेठी से लोकसभा चुनाव हारने के बाद स्मृति ने आज पहली बार कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की जमकर तारिफ की है। स्मृति ने कहा कि राहुल गांधी के स्वभाव और राजनीति करने के तरीके में बड़ा बदलाव आया है।राहुल गांधी की पॉलिटिक्स में एक चेंज आया है, वह सोचते हैं कि उन्होंने सफलता चख ली है, वह पहली बार इतना इंस्ट्रुमेंटल बोल रहे हैं। राहुल गांधी अब अलग पॉलिटिक्स कर रहे हैं। स्मृति ने आगे कहा कि अगर हम नोटिस करें तो कास्ट की राजनीति में भी वो बहुत ध्यान से बोल रहें हैं। स्मृति ने कहा कि राहुल संसद में टीशर्ट पहनते हैं तो वो जानते हैं कि इसका



युवा पीढ़ी में क्या संदेश जाएगा। उन्होंने इसी के साथ भाजपा को भी सचेत करते हुए कहा कि हम कोई भी गलतफहमी में न रहे कि राहुल का कोई भी कदम उठा रहे हैं वो अच्छा बुरा या बचकाना है, लेकिन अब वो अलग राजनीति कर रहे हैं। उधर, कांग्रेस नेता पीसी शर्मा ने स्मृति ईरानी के इस बयान का वीडियो शेयर कर कहा कि अब स्मृति ईरानी राहुल की तारीफ कर रही हैं। यही नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान है। इससे पहले लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट हारने वाली स्मृति ईरानी के खिलाफ गलत बयानबाजी करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी ने नसीहत दी थी। राहुल ने कहा था कि हार जीत लगी रहती है, लेकिन स्मृति ईरानी और किसी भी नेता के खिलाफ अपमानजनक और भद्दी टिप्पणी न की जाए।




## देश में छात्रों की आत्महत्या की दर जनसंख्या वृद्धि दर से ज्यादा, महाराष्ट्र-तमिलनाडु का बुरा हाल

**नईदिल्ली, 29 अगस्त [एजेंसी]।**



भारत में छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। आलम यह है कि छात्रों की आत्महत्या की दर समग्र आत्महत्या प्रवृत्तियों की दर से तो अधिक है ही, अब यह जनसंख्या वृद्धि दर को पार कर गई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के आधार पर छात्र आत्महत्या भारत में फैलती महामारी रिपोर्ट बुधवार को वार्षिक आईसी-3 सम्मेलन में जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश वो राज्य हैं, जहां छात्र सबसे ज्यादा आत्महत्या करते हैं। यहां जितने छात्र आत्महत्या करते हैं वह देश में होने वाली कुल आत्महत्याओं का एक तिहाई है, जबकि अपने उच्च शैक्षणिक वातावरण के लिए जाना जाने वाला राजस्थान 10वें स्थान पर है, जो कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों से जुड़े गहन दबाव को दर्शाता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि जहां आत्महत्या की घटनाओं की संख्या में प्रतिवर्ष दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहीं छात्र आत्महत्या के मामलों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि छात्र आत्महत्या के मामलों की कम रिपोर्टिंग होने की संभावना है। पिछले दशक में 0-24 वर्ष की आयु के बच्चों की जनसंख्या 58.2 करोड़ से घटकर 58.1 करोड़ हो गई।

## पकड़ा गया एक और भेड़िया, नदी के किनारे वन विभाग ने किया कैद, अभी दो नरभक्षी भेड़िए मिलने बाकी

**बहराइच**। यूपी के बहराइच जिले में भेड़ियों का आतंक जारी है। वन विभाग तीन भेड़ियों को पहले ही पकड़ चुका था। चौथा भेड़िया गुरुवार की सुबह पकड़ा गया। वन विभाग ने उसे पकड़ने के लिए प्लानिंग के साथ पिंजड़ा लगाया था। सुबह 11 बजे करीब वह उसमें कैद हो गया। अब तक चार भेड़िए पकड़े जा चुके हैं। जिनमें से दो की मौत गई है। वन विभाग के अनुसार अभी भी दो भेड़िए खुले घूम रहे हैं। इसके पहले बुधवार को वन मंत्री के साथ बैठक में जिलाधिकारी ने बताया



कि जिन घरों में दरवाजे नहीं हैं, वहां दरवाजे लगवाए जा रहे हैं। इसके लिए सीएसआर समेत अन्य फंड से पैसा दिया जा रहा है। गांवों में रात्रि गश्त किया जा रहा है। आमजन व महिलाओं को भी जागरूक किया जा रहा है।

## कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में तीन दहशतगर्द ढेर, एलओसी पर किया था घुसपैठ का प्रयास

**श्रीनगर, 29 अगस्त [एजेंसी]।**

उत्तरी कश्मीर में जिला कुपवाड़ा के अंतर्गत नियंत्रण रेखा पर आतंकियों ने घुसपैठ का प्रयास किया गया है। ऐसी जानकारी है कि कुपवाड़ा में टंगडार और मच्छल सेक्टर में दो अलग मुठभेड़ में तीन आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। जम्मू-कश्मीर में करीब एक महीने बाद विधानसभा चुनाव हैं। ऐसे में दहशतगर्दों ने अपनी नापाक हरकतों को एक बार फिर से अंजाम देना शुरू कर दिया है। राजौरी जिले के खवास तहसील में भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। मिली



जानकारी के अनुसार यह मुठभेड़ बुधवार देर रात संदिग्धों की सूचना मिलने के बाद चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई। 9 जून को रियासी हमले के बाद से ही जम्मू और कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ गई हैं।

उस दौरान शिवखोड़ी से आ रही एक बस को आतंकियों ने निशाना बनाया। इस आतंकी वारदात में 9 श्रद्धालुओं की जान गई थी, जबकि 41 श्रद्धालु घायल हो गए थे। 11 जून को जम्मू संभाग के कठुआ के अंतर्गत एक गांव में आतंकियों ने हमला किया। हालांकि, सेना के जवानों ने इस मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया था। इन आतंकी हमलो के बाद जम्मू-कश्मीर में तत्काल प्रभाव से सुरक्षाबलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने घने जंगलो व पहाड़ों के बीच सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया था।

# दूर हो जाती है उदासी, जब सास-बहू के खाते में आती है महतारी वंदन राशि

## साय सरकार की योजना से सास-बहू की आर्थिक समस्या हुई दूर

कोरबा । शहर से लगभग 90 किलोमीटर दूर पहाड़ो से घिरा गाँव है कारीमाटी..। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले इस गाँव में खपरैल वाले कच्चे मकान में एक साथ रहने वाली सास-बहू मंगली बाई और प्रमिला बाई को बहुत ही विपरीत परिस्थितियों में रहना पड़ता है। इनके छोटे से गाँव से अन्य गाँव की दूरी अधिक होने और रास्ते में घना जंगल तथा पहाड़ होने की वजह से रोजी-मजदूरी का काम भी मिल नहीं पाता था,ऐसे में कई जरूरी कार्यों के लिए पैसे और आर्थिक तंगी के बीच जीवन में भी उदासी थी। महतारी वंदन योजना प्रारंभ होने के बाद नगदी के लिए तरसते सास-बहू को अब खाते में ही हर महीने रुपये मिल जाते हैं, जिससे उन्हें उनकी जरुरतों का सामान खरीदने में कोई परेशानी नहीं आती। हर महीने मिलने वाली महतारी वंदन की राशि इनकी उदासी हटाने के साथ ही खुशियों की वजह भी बन जाती है।



पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम कारीमाटी में रहने वाली प्रमिला बाई और उनकी सास मंगली बाई ने बताया कि अन्य गाँव से उनके गाँव की दूरी अधिक होने की वजह से वे कही जा नहीं पाते। गाँव में जो थोड़ा बहुत खेत है उसमें ही खेती किसानी में सहयोग कर लेती हैं। उन्होंने बताया कि गाँव में हाजिरी मजदूरी मिलना मुश्किल है। अन्य गाँव की दूरी इतनी अधिक हैं कि वे चाहकर भी जा नहीं सकते। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना प्रारंभ होने के दौरान उन्होंने भी आवेदन जमा किया था। योजना से जुड़ने के पश्चात हर महीने उनके बैंक खाते में एक हजार की राशि आती है। इस राशि से घर में किराना सहित अन्य जरूरतों की पूर्ति आसानी से हो पाती है। मंगली बाई ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा महतारी वंदन योजना लागू किए जाने पर हम जैसी पहाड़ और वनांचल क्षेत्र में रहने वाली जरूरतमंद महिलाओं को खुशहाल जीवन का एक आधार मिल गया। ग्रामीण महिलाओं के लिए एक हजार की राशि कोई छोटी रकम नहीं होती। उन्होंने कहा कि वह अपनी बहू के साथ हर महीने बैंक जाकर पैसा निकाल लाती है और इस राशि का उपयोग घर के बहुत जरूरी कार्यों में करती है।

# 21 वीं पशु संगणना हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



कोरबा । पशुधन विकास विभाग द्वारा बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में 21वीं पशु संगणना हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि पशुधन विकास विभाग द्वारा प्रत्येक 5 वर्षो में पशुओ की गणना का कार्य किया जाता है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1914 से की गयी थी। विगत संगणना कार्य की भांति इस वर्ष भी गणना कार्य ऑनलाइन मोड में किया जाएगा। इस कार्य के लिए जिले में 82 प्रगणक एवं 17 सुपरवाइजर नियुक्त किये गए हैं। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एस. पी. सिंह के निर्देशन में जिला नोडल अधिकारी डॉ. एच. के. सोनी के द्वारा प्रथम चरण के प्रशिक्षण में संगणना सम्बन्धी समस्त प्रपत्रों, परिभाषाओ और मोबाइल ऐप में सम्पादित किये जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गयी।

उप संचालक ने बताया कि सभी प्रगणक व सुपरवाइजर के आईडी-पासवर्ड तैयार कर दिए गए हैं। सभी को मोबाइल ऐप में अभ्यास करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। पशु संगणना कार्य 01 सितम्बर से 31 दिसम्बर के बीच किया जाएगा, जिसमें प्रगणक घर-घर जाकर संगणना कार्य संपादित करेंगे। संगणना कार्य के बाद भारत शासन द्वारा जिले का डाटा जारी किया जाएगा जो जिले एवं राज्य में पशुधन नीतियों के निर्धारण हेतु आवश्यक होता है। उप संचालक द्वारा सभी पशुपालकों एवं जनसामान्य से विभागीय पशु प्रगणक को आवश्यक सहयोग प्रदान करने अनुरोध किया गया है।

## एनएचएम अंतर्गत 28, 29 व 30 अगस्त को विभिन्न पदों हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन

कोरबा । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत प्रोग्राम एसोसिएट, एएमओ, फिजियोथेरेपिस्ट, फार्मासिस्ट, लैब सुपरवाइजर, लेबोरेटरी टेक्नीशियन, एक्सरे टेक्नीशियन, ओटी टेक्नीशियन, ऑप्थेलमिक सहायक, लैब अटेंडेंट, सिक्युरिटी पर्सनल के विभिन्न पदों पर की जा रही संविदा भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। आज शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा में प्रोग्राम एसोसिएट, एएमओ, फिजियोथेरेपिस्ट,फार्मासिस्ट, लैब सुपरवाइजर, लेबोरेटरी टेक्नीशियन, आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में 42 परीक्षार्थियों के विरुद्ध 29 और द्वितीय पाली में 38 के विरुद्ध 28 परीक्षार्थी शामिल हुए। संपन्न परीक्षा के परिणाम ओएमआर शीट सहित वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं। इस संबंध में 5 सितंबर तक दावा आपत्ति भी मांगी गई है।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु विद्यालय आबंटन की सूची जारी

कोरबा । एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु विद्यालय आबंटन सूची जारी की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश परीक्षा 18 मई को आयोजित की गई थी, जिसके परिणाम 05 जुलाई को एवं मेरिट सूची 25 जुलाई को जारी किए गए थे। साथ ही 05 से 08 अगस्त तक काउंसलिंग भी आयोजित की गई थी।

काउंसलिंग पश्चात् प्राथमिकता के आधार पर एकलव्य विद्यालयों का आबंटन किया गया है। चयनित अभ्यर्थी जिले की वेबसाइट पर विद्यालय आबंटन की सूची का अवलोकन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला/लाफा पाली/रामपुर व पोड़ी-उपरोड़ा से संपर्क किया जा सकता है।

## स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पद के लिए प्राप्त आवेदनों की पात्रता सूची जारी

कोरबा । जिले के स्वास्थ्य विभाग में जिला खनिज न्यास मद से दंत चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ अंतर्गत दंत चिकित्सक, फिडिंग डिमोंस्ट्रेटर, रेडियोग्राफर एवं मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के आधार पर पात्र/अपात्र सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। साथ ही शासकीय वेबसाइटपर भी अपलोड कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जारी सूची के संबंध में दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। आवेदक 03 सितंबर 2024 शाम 05 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# भाजपा ही भारत को विश्व गुरु बना सकती है: हितानंद



कोरबा। बाकीमोगरा मंडल में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की बैठक संपन्न हुई। प्रमुख वक्ता के रूप में नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल शामिल हुए। सदस्यता अभियान संबंधी अनेकों बारीकियां से उपस्थित सभा को उन्होंने परिचित कराया। उन्होंने कहा कि पूरे भारतवर्ष में कार्यकर्ता गण को 20 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य है जिसमें कोरबा जिला को 2 लाख एवं बाकी मोगरा मंडल को 12000 सदस्य बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भारत को 2047 तक विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य है। यह तभी संभव है जब हमारा संख्या बल बढ़ा रहे। पिछले बार सदस्यता अभियान के उपरांत भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई थी। कार्यक्रम के दौरान मनचस्थ अतिथियों में शैल राठौर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बाकी मोंगरा, कमला देवी बरेठ उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बांकी मोंगरा,पूर्व मंडल अध्यक्ष भागवत विश्वकर्मा, अजीत केवट, पार्षद प्रभावती चौहान, लखपत शर्मा, मंडल महामंत्री हनुमान प्रसाद पांडे, मनीष मिश्रा, ज्योति महंत एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत चुईया एवं अजगरबहार में आयोजित हुआ जनमन शिविर

कोरबा । कोरबा जिले के वनांचल क्षेत्र में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। कोरबा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चुईया एवं अजगरबहार पंचायत में जनमन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों बाहुल्य क्षेत्रों में जागरूकता एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को पहुंचाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार के उद्देश्य से शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है। कोरबा जनपद पंचायत सीईओ इंदिरा भगत, पंचायत सचिव सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## ग्राम मलदा पहुंचकर ग्रामीणों से मिली सांसद ज्योत्सना महंत

कोरबा । लोकसभा चुनाव में मुझे मिली ऐतिहासिक जीत आप सब की जीत है। आप लोगों का स्नेह व प्यार लगातार महंत परिवार को मिलता आ रहा है। इसी की बदौलत इतने विषम परिस्थितियों में भी आप सबने मिलकर मुझे लोकतंत्र के मंदिर में फिर से चुन कर भेजा है। इसके लिए मैं व मेरा परिवार आपका सदैव आभारी रहेगा और मैं कमिया बन कर आप सबकी सेवा करूंगी।

उपरोक्त कथन कोरबा लोकसभा क्षेत्र सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मल्दा में जनता को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि आज तक इस कोरबा लोकसभा से लगातार दूसरी बार निर्वाचित होकर लोकतंत्र के मंदिर संसद में कोई नहीं पहुँचा है लेकिन आपने मुझ पर विश्वास करके जीत दिलाई है, इस जीत को मैं आप सब को समर्पित करती हूं। ग्राम मलदा के पूर्व सरपंच मासूम कुरेशी ने बताया कि श्रीमती ज्योत्सना महंत का इस क्षेत्र से बरसों पुराना नाता रहा है जब चरणदास महंत इस क्षेत्र के सांसद हुआ करते थे तब से लगातार जनसंपर्क इन क्षेत्रों में रहा है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सूरज महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव हरीश परसाई, पाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यशवंत लाल, संतोष राठौर, अशोक मिश्रा, किरण चौरसिया, मो. हसन बब्बू, अनिल श्रीवास, सरपंच सहोत्री कंवर, धर्मजीत सिंह कंवर, रामेश्वर कंवर, राजे अली, जगन्नाथ, सत्यनारायण कंवर, त्रिभुवन कंवर, फूल सिंह कंवर, इसरार मोहम्मद, घनश्याम यादव, श्रीमती रमतीला कंवर, श्रीमती भवगती कंवर, श्रीमती प्रतिभा देवी कंवर, मुश्ताक मिर्जा, अमीन कुरैशी, आनंद दास, इंद्रपाल चौहान, बलिराम यादव, धीरपाल कंवर सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने उपस्थित लोगों को बताया कि इस क्षेत्र से डॉ. महंत का गहरा लगाव है। वे लगातार क्षेत्रवासियों के संपर्क में रहते हैं। उन्होंने ही आपकी सेवा करने के लिए मुझे भेजा है। मैं डॉ. महंत से ही मार्गदर्शन लेकर कार्य कर रही हूं। हमारा परिवार कोरबा लोकसभा के आठों विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभारी है।

# रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

कोरबा । कोरबा अंचल के दर्री मंगल भवन में प्राण रक्षक गजानंद गौ सेवा दर्री द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा की रक्तदान महादान है और इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि हमें जितनी रक्त की आवश्यकता है, उतनी मात्रा में लोग रक्तदान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि निश्चित रूप से रक्तदान करें तथा लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। पार्षद नरेंद्र देवांगन ने प्राण रक्षक गजानन गौ सेवा दल के संरक्षक शैलेंद्र यादव समेत पूरी टीम को इसके लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस



अवसर पर शैलेंद्र यादव, रोहन मंडल, गोपी साहू, हिमांशु मित्तल, प्रियांशु पटेल, योगेश जायसवाल, राजा केसर, आकाश कलसे सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# महिला समानता दिवस पर रोटरी क्लब ने किया पौधा रोपण

कोरबा । ट्रीवार्ड्स फाउंडेशन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं का अहम योगदान के लिए उनके सम्मान एवं पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने हेतु एक उल्लेखनीय पहल की गई। एक समर्पित प्रयास में रोटरी क्लब ऑफ कोरबा ने महिला समानता दिवस पर वृक्षारोपण अभियान चलाने के लिए ट्रीवार्ड्स के साथ हाथ मिलाया। लैंगिक समानता और हरित भविष्य का समर्थन करते हुए एक साझा मिशन में रोटरी क्लब के सदस्यों, ट्रीवार्ड्स प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों को एक साथ लाया गया।

वृक्षारोपण अभियान में 1000 से अधिक पौधे लगाए गए, जो विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान के सम्मान का प्रतीक है। यह पहल 'वीमेन ऑफ ग्रीन' अभियान के तहत ट्रीवार्ड्स के व्यापक मिशन का एक हिस्सा है, जिसका लक्ष्य महिलाओं के सम्मान में पूरे भारत में 10 मिलियन पेड़ लगाना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के अध्यक्ष मुकेश जैन ने कहा कि आज जब हम ये पेड़ लगा रहे हैं, हम उस महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान कर रहे हैं, जो महिलाएं हमारे समाज में निभाती हैं। यह वृक्षारोपण सिर्फ पेड़ लगाना नहीं है, बल्कि यह आशा, समानता और एक स्थायी भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता है। हमें इस सार्थक उद्देश्य में ट्रीवार्ड्स के साथ सहयोग करने पर गर्व है।

ट्रीवार्ड्स के संस्थापक आनंद गोयल ने बड़े पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में इस तरह के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ट्रीवार्ड्स का मिशन दुनिया भर में 800 करोड़ पेड़ लगाना है, हर इंसान के लिए एक पेड़। रोटरी क्लब ऑफ कोरबा जैसे प्रतिष्ठित संगठनों के साथ साझेदारी के माध्यम से, हम एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने में सक्षम हैं। आज लगाया गया प्रत्येक पेड़ एक हरित भविष्य और देश-दुनिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के उनके समर्थन और समर्पण के लिए आभारी हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन सामुदायिक जुड़ाव का एक प्रेरक उदाहरण है, जिसमें जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एक साथ लाया गया।

## कैंसर पीड़ित को आवश्यक दवाईयां एवं 50 हजार की दी गयी आर्थिक सहायता

कोरबा । कोरबा-चांपा मार्ग में संचालित लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के संरक्षक एवं नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल के द्वारा कोरबा निवासी सुरेश सिंह जो कि कैंसर रोग से पीड़ित है, उनको उनके निवास स्थान पर जाकर आवश्यक इंजेक्शन एवं दवाईयों के साथ-साथ 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस पर सुरेश सिंह सहित उनके परिजनो ने पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल को उनके इस निःस्वार्थ सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब में हमें सदैव पीड़ित मानवता की सेवा का पाठ सिखाया जाता है, आज हमने सुरेश सिंह की सहायता मानवता के नाते की हैं।उल्लेखनीय हैं की इससे पूर्व भी कोरोना काल के दौरान पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल द्वारा जगह-जगह पर मास्क, खाद्य पदार्थो के साथ-साथ कोविड सेंटर में उपचार हेतु आये नागरिको के लिए बरपाली तहसीलदार को 1 लाख रूपये की सहायता प्रदान की गयी थी।



## भारतीय मजदूर संघ संबद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



कोरबा । कोरबा जिले में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त कार्य एवं अन्य समस्याओं को लेकर 28 अगस्त को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा की विभागीय कार्य के अलावा अनेकों प्रकार की अतिरिक्त कार्य उनसे कराये जाते हैं, चूंकि वर्तमान में विभागीय सभी कार्य ऑनलाइन कराये जा रहे हैं, इस परिस्थिति में और चुनाव की अतिरिक्त कार्य संदर्भित पत्र में बीएलओ ड्यूटी में सभी कार्यकर्ता बीएलओ को होम टू होम सर्वे का कार्य दिया गया है, जो की कार्यकर्ताओं के लिए कर पाना असम्भव सा है। नाम जोड़ने, काटने, सुधारने के अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग का सर्वे का कार्य भी दिया गया है, सभी ऑनलाइन सर्वे का कार्य भी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा हैं। रविवार जो की सभी के लिए शासकीय अवकाश होती है, कार्यकर्ताओं के लिए रविवार के दिन भी कार्य कराए जाते है। 6 घंटे की जगह 12 घंटे कार्य कराया जाता है, विभागीय कार्य के साथ चुनाव का कार्य कार्यकर्ताओं के लिए सीमा से अधिक कार्य हो रहा है। एक तरफ विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि का लिस्ट, महतारी वंदन से लाभांवित हितग्राहियों की लिस्ट बनाने का कार्य दिया जाता है, उसके बाद तुरंत अतिरिक्त कार्य में ड्यूटी लगा दी जाती हैं, चूंकि आंगनबाड़ी का समय 9:30 से 3: 30 होता जहां 3:30 के बाद बीएलओ का अतिरिक्त कार्य कर पाना संभव नहीं है, जिसके लिए विभागीय कार्यावधि कम की जाए या अतिरिक्त कार्य से मुक्त किया जाए। साथ ही केंद्र में कार्यकर्ता की कार्यों का उचित व्यवस्था करते हुए पत्र लिखित में निर्देश जारी किया जाए। अवकाश के दिन कोई भी विभागीय या अतिरिक्त कार्य न कराये जाए, अतिरिक्त कार्य करते समय कार्यकर्ता की अनुपस्थिति में केंद्र में कोई अव्यवस्थता होती है, उसके लिए कार्यकर्ता को जिम्मेदार न ठहराया जाए। साथ ही नेट चार्ज, बीएलओ ट्रेनिंग के लिए यात्रा भत्ता उपलब्ध कराया जाए या अतिरिक्त कार्य के लिए पंचायत विभाग से चयनित कराया जाए। इस तरह से कार्यकर्ताओं के अधिकारों का हनन, उनका शोषण किया जा रहा है, जो बंद किया जाए।

# बालको कर्मचारी संघ ने मनाया पर्यावरण दिवस




कोरबा । कोरबा जिले में बालको कर्मचारी संघ ने 28 अगस्त को राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया, इस दौरान मितान भवन के बगल में स्थित मैदान में पौधा रोपण किया गया एवं उसकी देख-रेख का प्रण लिया गया। पौधा रोपण के बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बालको कर्मचारी संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता आर.एल. चंद्रा राजस्थान के खेतड़ी मे बलिदान देने वालों विभूतियों को याद किया।

इस अवसर पर संगठन मंत्री हरीश सोनवानी ने आज के दिवस की महत्ता पर जोर दिया, भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत मंडल ने पर्यावरण को बचाने के साथ प्लास्टिक पर भी प्रतिबंध के बारे मे जानकारी दी, बालको कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल दुबे ने भारतीय मजदूर संघ के पर्यावरण दिवस मनाने के महत्त्व के बारे मे अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन बालको कर्मचारी संघ के महासचिव माखन लाल वर्मा ने किया, कार्यक्रम मे ओ.पी. राजपुरोहित, रेवा साहू, अनिल वर्मा, हीरा साहू, आशीष चंद्रवंशी, ऋषि पटेल, जितेंद्र वर्मा, प्रशांत शेंडे, देवेंद्र पाठक, वी.एस. त्रिपाठी, हरिचरन, राजीव, रंजन, मनोज सिन्हा, मुकेश ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता शरद नायर द्वारा की गयी।

## गड्ढे में गिरे दो मवेशियों को बाहर निकाला ग्रामीणों ने

कोरबा । कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में बसे ग्राम जवाली में रोड किनारे खोदे गए गड्ढे में दो मवेशी गिर गए, जो बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन सफल नहीं होने पर ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि बीएसएनएल ने रोड किनारे गड्ढा कर रखा है।

## 90 लाख लेकर फरार हुआ बीसी संचालक,पुलिस को दी गई जानकारी

कोरबा । कोरबा जिले के तहसील कटघोरा में एक सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार कटघोरा शहर में व्यापारियों ने बीसी सट्टा ग्रुप बनाकर एक व्यापारी को महीने की वसूली का जिम्मा सौंपा था। कई सालों से चल रहे इस खेल में एक व्यापारी को मुखिया बनाया गया था। उस व्यापारी ने लगभग 90 लाख रुपए की चपत बीसी खेलने वाले व्यापारियों को लगा रुपये लेकर फरार हो गया है। बताया जा रहा है कि वह जाते-जाते एक लेटर लिखकर गया जो कटघोरा शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी बीच चर्चाओं में अब यह मामला पुलिस के पास भी पहुंच गया है। बीसी में पैसा लगाने वाले उन व्यापारियों की भी पुलिस अब पहचान कर रही है, जो यह अवैध खेल खेलते रहे। फिलहाल पुलिस को रिपोर्ट लिखाये जाने का इंतजार है। बताया जा रहा है कि कटघोरा नगर और भी बीसी गिरोह सक्रिय हैं, लेकिन इस मामले की हवा उड़ते ही वे लोग अपना पैसा सुरक्षित होने की तस्दीक में जुट गए हैं।

# चांपा कोरबा मार्ग पर बने भारी गड्ढा दे रहा मौत का नेवता

### चैंपियन सिरामिक्स के सामने गड्ढे से राहगीर हो रहे परेशान, गड्ढा नहीं पाटने पर मनमोहन अग्रवाल ने दी आत्मदाह की चेतावनी

सीताराम नायक

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा कोरबा मार्ग पर चैंपियन सिरामिक्स इंडस्ट्रीज के सामने मुख्य मार्ग पर बने जानलेवा गड्ढे से लोग अब परेशान हो चुके हैं जहां रात, दिन में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं वहीं यह गड्ढा विभागीय अधिकारियों को दिखाई नहीं दे रहा है और ना ही जिला प्रशासन जनता के इस विकराल समस्या को ठीक करने में रुचि ले रहा है। नतीजा यह है कि कोरबा चांपा मार्ग का यह भरी गड्ढा लोगों के लिए जानलेवा बन गया है ।

इस संबंध में अवगत होगी चांपा रेलवे स्टेशन से महज 1 किलोमीटर दूरी पर चांपा से कोरबा जाने वाली मुख्य सड़क में जो कि चैंपियन सिरामिक्स इंडस्ट्रीज के सामने है। इस मार्ग में भारी वाहनों की आवाजाही से विशाल गड्ढा हो गया है। वहीं इस सड़क में अनेक जगह पर पानी का जमाव होने के कारण बड़े बड़े गड्ढे होने से राहगीरों को आने जाने में परेशानी हो रही है। यहां केवल बड़े वाहनों कोही नहीं बल्कि चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों के संचालक यहां से आते जाते अनियंत्रित हो जाते है जो कई बार इस गड्ढे में गिर जाते हैं।

कई बार मोटर साइकिल सावर व्यक्ति इस जर्जर मार्ग के कारण दुर्घटना ग्रसित हो रहे हैं परंतु इस गड्ढे से कुछ दूरी पर स्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की आंखें ऐसी घटना को नहीं देख पा रही। जो अपने आंखों में पट्टी बांधे हुए है।जिनकी निष्क्रिय के कारण यह मार्ग लंबे समय बाद भी नहीं सुधर पाया है।

विदित हो कि इन गड्ढों को ठीक करने के लिए एक माह पूर्व क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप के नेतृत्व में यहां कांग्रेसियों द्वारा धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया था जिसे अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन को बंद किया गया, लेकिन इसके बाद अधिकारियों ने इस ओर पलट कर देखना तक उचित नहीं समझा। नतीजा यह है कि चांपा कोरबा मार्ग की यह समस्या आज भी यथावत है।

चांपा शहर में अनेक भाजपा के नेता हैं जो प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही कालर सीधा कर एवं कलफदार कपड़े पहनकर शहर में डींग हांकते रहते हैं लेकिन इन लोगों को नगर की यह बड़ी समस्या दिखाई नहीं दे रही है। जिनके सुस्त रवैया के कारण लोक निर्माण विभाग के अधिकारी लापरवाह हो गए हैं जो जनहित के मुद्दे को सुलझाना तो दूर पलट कर इस ओर देखना तक मुनासिब नहीं समझते। अभी तक जिला प्रशासन मे एक से बढ़कर एक कलेक्टर यहां पर पदस्थ हुए किंतु आकाश छिकारा ऐसा कलेक्टर है जिनके नियंत्रण में अधिकारी वर्ग नहीं है । वहीं कमजोर प्रशासनिक क्षमता के कारण लोक निर्माण विभाग के अधिकारी बेलगाम हो गए हैं।

सच कहा जाए तो कलेक्टर आकाश छिकारा से यह जिला नहीं संभल पा रहा है और ना ही इस जिले के विकास कार्यों को गति मिल पा रही है। जिसके कारण लोगों को समस्याओं से जल्द राहत नहीं मिल पा रहा और जनता भाजपा सरकार को कोसने लगी है । यहां यह बताना आवश्यक है कि लोग निर्माण विभाग में वर्तमान में जिस अधिकारी को पदस्थ किया गया है वह इतना निष्क्रिय, भ्रष्ट है कि वह अधिकतर समय बिलासपुर में रहते हैं और आए दिन कार्यालय से नदारत रहते हैं। उनके अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी एक ही रटा रटाया जवाब देते हैं कि साहब काम से बिलासपुर गए हैं या फिर साहब मीटिंग में बाहर गए । इस तरह के निष्क्रिय एवं लापरवाह अधिकारी को यहां पदस्थ रखने से जनता में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इनका स्थानांतरण अन्यत्र किया जाना आवश्यक है ।





#### मनमोहन अग्रवाल ने दी आत्मदाह की चेतावनी

अधिकारियों की इस घोर लापरवाही तथा राजनेताओं की उदासीनता को देखते हुए लंबे समय बाद भी चांपा कोरबा मार्ग का गड्ढा नहीं भरने से चांपा नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं



मजदूर नेता मनमोहन अग्रवाल ने जिला प्रशासन से साफ तौर पर कहा है की अगर जनता को इस विकराल समस्या से तत्काल राहत नहीं मिली तो वह आत्मदाह कर लेंगे। क्योंकि इस गड्ढे को हुए कई महीने बीत गए हैं जिसको ठीक करने के लिए ना तो शासन ध्यान दे रही है और ना ही प्रशासन। लोगों के इसमें गिरने से उनका हाथ पैर टूटने लगा है। मजदूर नेता मनमोहन अग्रवाल ने लोकहित में आत्मदाह करने की चेतावनी देते हुए जिला प्रशासन से तत्काल जनता को राहत देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में भाजपा की जो सरकार है वह जनता के प्रति अपनी जवाबदारी नहीं निभा है और ना ही आम जनता की सुविधाओं से अधिकारियों से कोई मतलब है, एक छोटा सा गड्ढा नहीं पाट पा रहे हैं।इसलिए अब आत्मदाह करने के सिवाय कोई चारा नहीं है इसलिए लोकहित में यह निर्णय लिया जा रहा है। जनता को इस समस्या से जल्द से जल्द राहत दे अन्यथा वे आत्मदाह करने के लिए विवश होंगे।

## शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला गिरफ्तार



**चांपा।** नाबालिग बालिका को आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया है कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 396/2024 धारा 363, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की पतासाजी हेतु थाना स्तर से टीम गठित किया गया।

प्रकरण के आरोपी को उसके सकुनत पर घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किए जाने एवं आरोपी का कृत्य धारा सदर का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 27.08.2024 को न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी अकलतरा, सउनि दाऊलाल बरेठ, म.प्र.आर. अनिता पाटले, आरक्षक शेषनारायण साहू, बृजपाल बर्मन का सराहनीय योगदान रहा।

## पटवारी पद में नौकरी लगाने के नाम से ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ।** मंत्रालय में पहचान बताकर पटवारी की नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी इसाक मसीह निवासी बेलदार पारा ने 28 अगस्त को चांपा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका बेटा शशांक मसीह की रेलवे स्टेशन चांपा में सफर के दौरान जुगल किशोर साहू से मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान उसने शशांक को बोला कि मंत्रालय में उसकी जान पहचान है कुछ काम होगा तो बताना। अभी पटवारी की वैकेंसी निकली है, नौकरी लगवा दूंगा।

इसके लिए 500000 रुपए लगेंगे। जिसमें ढाई लाख रुपए अभी देना होगा और ढाई लाख रुपए काम होने के बाद देना होगा। इस पर प्रार्थी के द्वारा जुगल किशोर को ढाई लाख रुपए कैश एवं ढाई लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से दे दिए। किंतु पटवारी में प्रार्थी के बेटे का चयन नहीं हुआ तब आरोपी जुगल किशोर से अपना दिया हुआ पैसा 500000 मांगे तो जुगल किशोर घुमाने लगा। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 420 कायम कर विवेचना में



लिया गया। पुलिस ने आरोपी को जिला रायपुर से घेराबंदी कर पकड़ा जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर राजस्व विभाग में पटवारी के पद नौकरी लगाने के नाम से ठगी करना बताए जाने पर तथा आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 28 अगस्त को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक डा. नरेश कुमार पटेल थाना प्रभारी चांपा, अरुण सिंह, मुकेश पाण्डेय, दिलीप सिंह प्रधान, आरक्षक वीरेंद्र कुमार टंडन एवम थाना स्टाफ का योगदान रहा।।

## सरकारी डॉक्टर लिख रहा था मरीजों को बाहरी दवा

**पामगढ़ ।** अस्पतालों में आने वाले मरीजों को सरकारी बाहरी दवा लिखने में सख्त मनाही । है। इसको लेकर स्पष्ट निर्देश भी है व लेकिन इसके बाद भी डॉक्टर इससे 1 बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही मामला 5 पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सामने आया है। जहां डॉ. राघव मोहन राठौर चिकित्सा अधिकारी (संविदा) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारगांव, वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ में पदस्थ हैं, उनके द्वारा अस्पताल में आए मरीजों को अस्पताल में मिलने वाली दवाओं के बजाए बाहरी ब्रांडेड दवा लिखी जा रही थी। इससे गरीब मरीज और परिजनों को जबरन महंगी दवाएं खरीदने के चलते आर्थिक नुकसान पहुंच रहा है। इधर नगर में संचालित एक निजी मेडिकल स्टोर्स से ही दवा खरीदने के लिए मरीजों पर दबाव में बनाने की बात भी सामने आ रही है जिस पर डॉक्टर और संबंधित मेडिकल स्टोर्स के बीच सांठगांठ भी व नजर आ रहा है। उक्त डॉक्टर के - पास मेडिकल स्टोर्स का लेटर पेड वाला पर्ची भी मौजूद था।

संज्ञान में यह मामला आते ही बीएमओ डॉ. सौरभ यादव ने डॉ. राघव मोहन राठौर को मंगलवार को - शोकॉज नोटिस जारी किया है और शासकीय अस्पताल में मरीजों को प्राइवेट दवा लिखने की मिली पर्ची को देखकर नाराज जताई ।बाहरी दवा लिखे जाने पर परेशान कुछ मरीजों ने इसकी मौखिक शिकायत विभागीय अफसरों से की। मरीजों के पास उक्त डॉक्टर के द्वारा लिखी सीएचसी की सरकारी ओपीडी पर्ची भी मौजूद हैं जिसमें उक्त डॉक्टर ने पर्ची के पीछे ब्रांडेड दवा लिखी है। जिसमें थवाईत मेडिकल भी लिखा गया है। इसी तरह कुछ अन्य मरीजों को भी अलग से सादे कागजों में भी पर्ची लिखी गई है जो गंभीर मामला है और जांच का विषय है। बताया जा रहा है कि इस तरह से मरीजों को बाहरी दवा लिखने का खेल लंबे समय से चल रहा है।

**नि:शुल्क उपचार नीति का सीधा उल्लंघन**

बता दें, सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बाहरी दवा लिखने में सख्त मनाही है। ऐसा करना नि:शुल्क उपचार नीति का सीधा उल्लंघन भी 3 है। सरकारी डॉक्टरों को मरीजों को शासकीय अस्पतालों में मिलने वाली - दवाएं ही लिखने का नियम है। नियम का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है।

**चांपा।** नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूम धाम से मनाया गया। नगर में दो दिनों तक श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। इस क्रम में नगर के बड़े मठ मंदिर में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।

## भाजपा के सदस्यता अभियान में सोशल मीडिया टीम को निभानी होगी अहम भूमिका



**जांजगीर चांपा।** जिले जांजगीर चांपा की सोशल मीडिया टीम की कार्यशाला मे विगत दिनो कार्यकर्ताओ को को संबोधित करते हुए छग सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने कहा कि पुरे देशभर मे भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान 2 सितंबर से प्रधानमंत्री के सदस्यता का नवीनीकरण कर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

उक्त अभियान मे सोशल मीडिया टीम की अहम भूमिका होगी क्योकि इस बार सदस्यता अभियान को पूरा करने के लिए आवश्यक नंबर को डायल करने के बाद एक लिंक आएगा फिर लिंक को क्लीक करके स्क्रीन पर मांगी गई जानकारी को भरकर ही आप भारतीय जनता पार्टी के विधिक रूप से सदस्य बन सकते है।

सदस्य बनने के लिए इस बार 8800002024 नंबर पर डायल करके Q R Code को स्केन कर और नरेंद्र मोदी एप के माध्यम से भी आप भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य बन सकते है उन्होंने उपस्थित सोशल मीडिया टीम को अधिक से अधिक संख्या मे लोगो को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाने के लिए तैयार रहने को कहा है साथ ही आवश्यक तकनीकी जानकारी के लिए बनने वाले सदस्यो को सहयोग प्रदान करने की सलाह देते हुए कहा कि हम सबको पहले अपने बुथो से इस अभियान को करने की आवश्यकता है सोशल मीडिया के संभाग प्रभारी के रूप मे उपस्थित राकेश चंद्राकर ने सोशल मीडीया टीम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस अभियान को भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के रूप मे मनाएगी पुरे विश्वभर मे हमारी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी है उन्होंने सोशल मीडीया टीम पर जोश भरते हुए कहा कि हमको भाजपा से जुड़ने वाले प्राथमिक सदस्यो को स्मार्ट मोबाइल से जुड़ी सभी जानकारीयो को भरकर उनको सहयोग प्रदान कर भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने मे मदद करना है हमको सभी बुथो पर न्यूनतम 200 सदस्य बनाने है पुरे देशभर मे इस अभियान को सफल बनाने के लिए हमारी सोशल मीडिया टीम की अहम भूमिका होगी

सदस्यता अभियान के कार्यशाला के पश्चात सोशल मीडिया टीम के सभी सदस्यो ने जन्माष्टमी उत्सव का भरपूर आनंद लिया सभी ने नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की के जयकारे के साथ मटकी फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन कर जीतने वाले प्रतिभागी का सम्मान किया उक्त कार्यशाला में सुनीता मानिकपुरी अनुराग तिवारी पंकज अग्रवाल गजेंद्र सिंह सुदीप उपाध्याय योगेश चौरसिया चन्द्रकांत रात्रे गौरव तिवारी डंकेशवर यादव सुर्यप्रताप सिंह सुनील तिवारी गेंदराम कुरै सुरेंद्र यादव राजेन्द्र यादव राजेश बरेठ सहित टीम के लोग उपस्थित थे।



## छात्रों को खाता खुलवाने के फायदे बताए

**जांजगीर।** व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला दस्तावेजों में शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा व चंचला चन्द्रा के प्रयास से एसबीआई भोथिया बैंक के शाखा प्रबंधक सुभाष चंद्र व कैशियर रुद्रकांत लेंका ने बैंकिंग प्रणाली की सम्पूर्ण जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी। छात्रों को खाता खुलवाने की पूरी प्रक्रिया को फॉर्म के साथ और उसमें लगने वाले सभी दस्तावेजों के बारे में बताया गया। बैंक के लेन देन के बारे में जमा, निकासी सभी की विधियों को उनके फॉर्म को दिखा कर समझाया गया। तकनीकी समय में बैंकिंग प्रणाली इंटरनेट बैंकिंग की जानकारी दी। छात्रों के प्रश्न किए जाने पर शाखा प्रबंधक द्वारा उत्तर दिया गया। छात्र-छात्राओं वर्चुअल बैंक भ्रमण करवाकर कई प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## 1 करोड़ 30 लाख के कार्यों के लिए किया भूमिपूजन

**पंतोरा।** जन्माष्टमी पर 1 करोड़ 30 लाख के अलग-अलग कार्यों का भूमिपूजन क्षेत्र के विधायक राघवेंद्र सिंह ने किया। इसमें 48 लाख की राशि से हॉस्टल निर्माण, 30 लाख से बाजार निर्माण, 26 लाख से हॉस्पिटल भवन अहाता निर्माण, 26 लाख से रसोइया निर्माण शामिल है। विधायक ने 7 लाख रुपए से यादव भवन, 3 लाख से रामदुलारी कुम्हार के घर से भारत लाल केंवट के घर तक सीसी रोर्डि नर्माण, मुड़ाभाठा में 3 लाख से सीसी रोड बनाने की भी मंजूरी दी। भूमि पूजन कार्य समाप्त होने के बाद विधायक बूढ़ना गांव के मटकी फोड़ कार्यक्रम में शामिल हुए।

**चांपा।** अमृत भारत योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन में विभिन्न विकास कार्यों को रफ्तार दी जा रही है।

## शोक समाचार

**धरमलाल साहू**

**सकरेली।** समीपस्थ गांव केसला के प्रतिष्ठित नागरिक कमलेश राठौर के पिता धरम लाल साहू का 82 वर्ष की आयु में 27 अगस्त को निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र सहित नाती-नातिन से भरा-पूरा परिवार रोते-बिलखते छोड़ गए। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

**सांवल राम शर्मा**

**चांपा।** नगर के मारवाड़ी ब्राम्हण समाज के प्रतिष्ठित नागरिक सांवल राम शर्मा का 28 अगस्त को 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम संस्कार लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री से भरा-पूरा परिवार को छोड़ गए। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगर के लोग शामिल हुए।

## कुटराबोड़ में चमक रहे मलखंब के सितारे

**पामगढ़।** पामगढ़ क्षेत्र के छोटे से गांव कुटराबोड़ में प्राचीन खेल मलखंब के खिलाड़ी प्रशिक्षित होकर राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। यहां इस खेल का प्रशिक्षण सात साल से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण निश्शुल्क होता है। यहां से प्रशिक्षित खिलाड़ियों की लंबी सूची है। जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर 36, राज्य स्तर पर 102 मेडल अपने नाम किए हैं। निजी कालेज में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत पुष्कर दिनकर ने मलखंब खेल के प्रति जिले के खिलाड़ियों में उत्साह पैदा किया और उन्होंने 2017 में इसके प्रशिक्षण की शुरूवात की तब मात्र 15 बच्चे मलखंब सिखने आते थे ये बच्चे मिडिल स्कूल कुटरा बोड़ के थे।

तीन वर्ष तक प्रशिक्षण देने के बाद वर्ष 2020 में जिला मलखंब एसोसिएशन का पंजीयन हुआ। इसके लिए पुष्कर दिनकर व सहायक कोच प्रभात कुमार ने विचार-विमर्श कर यह निर्णय लिया कि मलखंब केंद्र को पंजीकृत संस्था का रूप दिया जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए क्षेत्र के विभिन्न ग्राम से जुड़े लोगों से संपर्क किया गया। खेमराज जयकर, संतोष लहरे, मनीष सिंगसर्वा, चंद्रिका प्रसाद बर्मन, शिव कुमार बंजारे, उमेश भार्गव ,प्रभात कुमार ,सानिध्य दिनकर को साथ लेकर संस्था के पंजीयन कराया गया।

वर्तमान में यहां 72 से अधिक बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन्हें मुख्य कोच पुष्कर दिनकर , प्रभात कुमार, अकलेश नारंग, प्रीति दिवाकर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। इस संबंध में कोच पुष्कर दिनकर ने बताया कि 6 साल से वे और उनके अन्य साथी निश्शुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस कार्य में उनके लाखों रूपए खर्च भी हुए हैं। ये खर्च प्रशिक्षण व यात्रा आदि में हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस व्यस्तता के चलते ही परिवार को समय नहीं दे पाते।

**जिला मलखंब एसोसिएशन की नियमित गतिविधि**

यहां प्रतिदिन सूक्ष्म व्यायाम होता है। इसके बाद योग कराया जाता है। योग के बाद पीटी व मार्च पास्ट होता है। सप्ताह में एक बार रनिंग एवं क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन होता है ताकि खिलाड़ियों में स्फूर्ति बनेरहे। वहीं गर्मी के दिनों में बच्चों की छुट्टी होती है तो 15 दिनों का कैंप लगाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दौरान योग के प्राध्यापक व अन्य विशेषज्ञों को बुलाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है।

**24 नेशनल और 36 राज्य स्तरीय मेडल**

मलखंब के 24 खिलाड़ियों को नेशनल स्तर पर मेडल मिला है जबकि राज्य स्तर पर 36 मेडल मिले हैं। ये उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों में अखिलेश कुमार, रविंद्र, युवराज सिंह, रोशन, संगम, डिंपी सिंह , किरण यादव, शीतल , नेहा, शिक्षा दिनकर, आर्यन, अरहान, खगेंद्र , समीर, यशपाल बरेठ, प्रीति दिवाकर, अंकिता, हर्षद , पियूष, पूर्वी, स्वाति, अमित, प्रज्ञा, रत्ना रमन शामिल हैं।


साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांक: एसईसीएल/मप्र/गेवरा क्षेत्र/भू-राजस्व/2024/857 दिनांक 12.08.2024

आम सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि गेवरा परियोजना गेवरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम अमगांव के अधोलिखित खातेदार एवं उनके द्वारा नामित आश्रित/उम्मीदवार के नाम में विभिन्न दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम दर्ज है, जो कि निम्नानुसार है:-

| क्र. | ग्राम का नाम | राज्य शासन द्वारा प्रदत्त प्रमाणित पत्रक V/VI में खातेदार का नाम | नामांकन के अनुसार खातेदार का नाम | खसरा नं. (सीबीए के तहत) पत्रक अनुसार | रकबा भुगतान व्हाउचर अनुसार | रोजगार हेतु नामांकित व्यक्ति का नाम | खातेदार से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमगांव | राजमति बेवा महेतर सिंह | राजमति बेवा महेतर सिंह - फौत, वारिसान - उमेंदराम, सुमेंदराम, सूनीबाई आ. महेतर राम (सुमेंदराम आ. महेतर राम-फौत) वारिसान- दीपक कुमार, दुरपति, भगवती, गिरजा बाई आ. स्व. सुमेंदराम, जानकी बाई बेवा सुमेंदराम | 384/2 | 0.336 हे./ 0.83 एकड़ | दुरपति बाई पिता सुमेंद राम पति गोवर्धन<br>आधार कार्ड में नाम - दुरपति बाई पति गोवर्धन<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम - दुरपति बाई पिता सुमेंद राम<br>जाति प्रमाण पत्र में नाम - दुरपति बाई पिता सुमेंद राम<br>स्कूल प्रमाण पत्र में नाम - दुरपति बाई पिता सुमेंद राम<br>राशन कार्ड में नाम - दुरपति बाई पति गोवर्धन प्रसाद<br>रोजगार पंजीयन कार्ड में नाम - दुरपति बाई पिता सुमेंद राम | पुत्र की पुत्री (पोती) |

खातेदार/सहखातेदार के नाम में भिन्नता का विवरण

| वर्ष 2001-2005 के पी-II | बी-1 वर्ष 2003-04 | फौती नामांतरण दिनांक 09.09.2019 के अनुसार | शपथ पत्र के अनुसार नाम | अनुमोदित घटते क्रम की सूची/ मुआवजा पत्रक 1ए के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|
| राजमति बेवा महेतर सिंह | राजमति बेवा महेतार | राजमति बेवा महेतर राम | राजमति बेवा महेतर राम | राजमति बेवा महेतर सिंह |

| क्र. | ग्राम का नाम | राज्य शासन द्वारा प्रदत्त प्रमाणित पत्रक V/VI में खातेदार का नाम | नामांकन के अनुसार खातेदार का नाम | खसरा नं. (सीबीए के तहत) पत्रक अनुसार | रकबा भुगतान व्हाउचर अनुसार | रोजगार हेतु नामांकित व्यक्ति का नाम | खातेदार से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | अमगांव | शर्मिला पिता उमेंदराम | शर्मिला बाई यादव पिता उमेंदराम | 541/47 | 0.223 हे./ 0.55 एकड़ | आधार कार्ड में नाम - शर्मिला बाई यादव पति नंदकुमार<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम - शर्मिला बाई यादव पति नंदकुमार<br>जाति प्रमाण पत्र में नाम - शर्मिला पिता उमेंदराम<br>स्कूल प्रमाण पत्र में नाम - शर्मिला पिता उमेंदराम<br>राशन कार्ड में नाम - शर्मिला बाई यादव पति नंदकुमार | स्वयं |

खातेदार/सहखातेदार के नाम में भिन्नता का विवरण

| वर्ष 2001-2005 के पी-II | बी-1 वर्ष 2003-04 | नामांतरण पंजी दिनांक 20.04.2013 के अनुसार | शपथ पत्र के अनुसार नाम | वंश वृक्ष के अनुसार | अनुमोदित घटते क्रम की सूची/ मुआवजा पत्रक 1ए के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|
| शर्मिला पिता उमेंदराम | शर्मिला पिता उमेंद राम | | शर्मिला बाई यादव पिता उमेंद राम | शर्मिला बाई यादव पिता उमेंदराम, पति नंदकुमार | शर्मिला पिता उमेंदराम |

| क्र. | ग्राम का नाम | राज्य शासन द्वारा प्रदत्त प्रमाणित पत्रक V/VI में खातेदार का नाम | नामांकन के अनुसार खातेदार का नाम | खसरा नं. (सीबीए के तहत) पत्रक अनुसार | रकबा भुगतान व्हाउचर अनुसार | रोजगार हेतु नामांकित व्यक्ति का नाम | खातेदार से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | अमगांव | हरीश चन्द प्रताप पिता श्याम लाल | कुलदीप कुमार पिता बाबूलाल, हरिशचन्द प्रताप सिंह पिता श्याम लाल | 219, 653 | 0.692 हे./ 1.71 एकड़ | **आधार कार्ड में नाम** - सूर्य प्रकाश सिंह पिता हरीश चन्द प्रताप सिंह<br>**निवास प्रमाण पत्र में नाम** - सूर्या प्रकाश सिंह पिता हरिश चन्द प्रताप सिंह<br>**जाति प्रमाण पत्र में नाम** - सूर्या प्रकाश सिंह पिता हरिश चन्द सिंह<br>**स्कूल प्रमाण पत्र में नाम** - SURYA PRAKASH SINGH S/O HARISHCHANDRA PRATAP SINGH<br>**राशन कार्ड में नाम** - सूर्य प्रकाश सिंह पिता हरीशचन्द प्रताप सिंह | पुत्र |

खातेदार/सहखातेदार के नाम में भिन्नता का विवरण

| वर्ष 2000-2005 के पी-II | ऋण पुस्तिका के अनुसार | राजस्व आदेश अनुज्ञप्ति पत्र रा.प्र.क्र. 04अ 6/2008-09 दिनांक 16.06.2009 के अनुसार | शपथ पत्र के अनुसार नाम | वंश वृक्ष के अनुसार | अनुमोदित घटते क्रम की सूची/ मुआवजा पत्रक 1ए के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|
| हरीश चन्द पिता श्याम लाल | हरीश चन्द पिता श्यामलाल | हरीश चन्द पिता श्याम लाल | हरीश चन्द प्रताप सिंह पिता श्याम लाल | हरीश चन्द प्रताप सिंह पिता श्यामलाल | HARISHCHANDRA PRATAP S/O SHYAM LAL |

(1) अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजी प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा।

(2) प्रस्तुत रोजगार के प्रस्ताव में खातेदार एवं आश्रित उम्मीदवार के नाम/उपनाम भिन्न-भिन्न दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न दर्ज है, जो एक ही व्यक्ति का होना दर्शाया गया है, इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें।

महाप्रबंधक, एसईसीएल गेवरा क्षेत्र

## अनमोल वचन......

जीवन में आशावादी होना ही सफलता की सही पहचान है।

# ब्रिक्स से जुड़ना चाहता है मलेशिया

भारत यात्रा पर आए अनवर इब्राहिम की प्राथमिकताओं में मलेशिया को ब्रिक्स में शामिल करना शामिल है। मलेशिया चाहता है उसे इस समूह की सदस्यता मिल जाए। अगस्त 2019 में मलेशिया से भारत के संबंध बेहद बिगड़ गए, जब नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी कर दिया। लेकिन अब मलेशिया के प्रधानमंत्री दातुक सेरी अनवर इब्राहिम ने भारत आकर संबंधों को सामान्य बनाने की पहल की है। नई दिल्ली में उनसे द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एलान किया कि दोनों देशों ने अपने संबंध का दर्जा बढ़ाने का फैसला किया है। भारत और मलेशिया ने अब अपने संबंध को व्यापक रणनीतिक सहयोग का दर्जा दिया है। बेशक, रिश्तों में इस मोड़ का एक पक्ष व्यापारिक है। गुजरे पांच वर्षों में भी दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते बढ़े हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार करीब 20.01 अरब डॉलर का रहा। भारत में मलेशिया का निवेश लगभग 3.3 अरब डॉलर है। अप्रैल 2023 से दोनों देशों के बीच आपसी मुद्रा में व्यापार भुगतान का समझौता लागू हो चुका है। भारत यात्रा में इब्राहिम का एक मकसद इस प्रणाली को और सहज बनाना भी रहा। यह उनकी सरकार की विदेश नीति संबंध नई प्राथमिकताओं का हिस्सा है। उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में मलेशिया को ब्रिक्स में शामिल करना भी शामिल है। मलेशिया चाहता है कि अक्टूबर में रूस में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान उसे इस समूह की सदस्यता मिल जाए। संकेत हैं कि इस बारे में रूस और चीन की सहमति उसे मिल चुकी है। ब्रिक्स में फैसले आम सहमति से होते हैं। इसलिए मलेशिया के सदस्यता प्रस्ताव पर भारत एतराज ना जताए, इसे सुनिश्चित करने की जरूरत इब्राहिम ने महसूस की होगी। इस बात की आधिकारिक जानकारी दी गई है कि नई दिल्ली में मोदी के साथ उन्होंने इस मुद्दे पर बातचीत की। खबरों के मुताबिक अगले शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स आपसी मुद्राओं के जरिए भुगतान के लिए स्विफ्ट जैसा सिस्टम लॉन्च करेगा। यह कदम डॉलर के जरिए भुगतान के अब तक जारी चलन से पीछा छुड़ाने की ब्रिक्स की बड़ी योजना का हिस्सा है। भारत इस योजना में शामिल है और अब मलेशिया भी इससे जुड़ना चाहता है। अनवर इब्राहिम की नई दिल्ली यात्रा का बड़ा संदर्भ यही रहा है।

## राशिफल

मेष राशि-आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग सबको न बताएं तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज अपने बनाये हुये प्लान पर कार्य करेंगे तो आपके सोचे हुए सारे काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे।

वृष राशि-आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी।

मिथुन राशि-आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में इज़ाफा बचत को ज़्यादा मुश्किल बना देगा। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है। विवाहित आज किसी अच्छी जगह पिकनिक के लिये जायेंगे।

कर्क राशि-आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये लाभदायक रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगें। इस राशि के इंजीनियर्स के लिये आज का दिन अच्छा है। आज किसी कॉलेज से आपको टीचिंग के लिये ऑफर मिलने वाला है।

सिंह राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला हैं। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगें। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। जिससे दोस्ती में और भी मजबूती आयेगी।

कन्या राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। स्वास्थ्य आज थोड़ा डाउन हो सकता है, लेकिन समय से देखभाल करने से जल्द ही ठीक हो जायेगा। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक और चुम्बकीय व्यक्तित्व कई लोगों के ध्यान आपकी तरफ़ खींचेगा।

तुला राशि-आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी नौकरीपेशा वालों आज आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के विवाहित आज समारोह में जायेंगें। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। आज कुछ अनुभवी लोगों से आपकी मुलाकात होगी। जिनसे अच्छी सलाह मिलेगी।

वृश्चिक राशि-आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। पुरानी टेंशन आज खत्म होगी। इस राशि जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें कोई विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नकामयाब कोशिश कर सकता है।

धनु राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर होगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीज़ें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी हो सकती है। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें। वरना आपका अधिक समय फीजूल के कामों में निकल जायेगा।

मकर राशि-आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है।

कुंभ राशि-आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा। अचानक धनलाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। सुबह-सुबह व्यायाम करने से सेहत अच्छी बनी रहेगी। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है.. जिससे आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परिक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। विवाहित आज जीवनसाथी की बात मानेंगे तो रिश्तों में मिठास बढ़ेगी।

# एंटी कन्वर्जन कानूनका प्रभाव और औचित्य

//अजय दीक्षित//

**पिछले दिनों उत्तर प्रदेश ने बहुत सख्त धर्म परिवर्तन कानून लागू किया है। ऐसा ही कानून उत्तराखण्ड और असम में भी पारित हो चुका है। इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों का कहना है कि इससे लव जिहाद रुकेगा। अब लव जिहाद की कोई परिभाषा निर्धारित नहीं है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अध्यक्ष डा. मोहन भागवत और पूर्ववर्ती अध्यक्ष भारत को एक हिन्दू राष्ट्र कहते हैं परन्तु इसको विस्तृत करके भारत के मुसलमानों और ईसाईयों को भी हिन्दू मानते हैं क्योंकि वे यहीं के धर्म परिवर्तित हैं। एंथ्रोपोलॉजी कल सर्वे आफ इण्डिया ने सौ खण्डों में पीपुल ऑफ़ इण्डिया में भारत के समुदायों का अध्ययन किया है। उसके अनुसार भारत के सभी समुदायों में मात्र एक समुदाय अरब से आया है।**

शेष यहीं के धर्म परिवर्तित हैं। इस अध्ययन में यह भी कहा गया है कि अनेक मुस्लिम समुदाय धर्म परिवर्तन से पहले के नियमों को मानते हैं। कई मुस्लिम समुदायों में घर में किसी की मृत्यु होने पर सूतक लगता है। अनेक मुस्लिम स्त्रियां बिछ्वे पहनती हैं। मांग भर्ती हैं। मंगलसूत्र पहनती हैं। ऐसा ही धर्म परिवर्तित ईसाईयों में भी होता है।

असल में लव जिहाद क्या है। होना तो यह कि लड़की जब किसी लड़के से प्यार करती है तो उसको लड़के के बारे में सभी कुछ मालूम होना चाहिए। रोज अखबारों में पढ़ते हैं कि शादी के बाद लड़की को पता चलता है कि लड़का मुसलमान है और वह धर्म परिवर्तन पर जोर दे रहा है। तो गलती किसकी है। लड़की की और उसके मां-बाप की। आजकल ज्यादातर घरों में दोनों नौकरी करते हैं। उन्हें मालूम ही नहीं कि उनके बच्चे विशेष कर उनकी लड़की क्या कर रही है। आजकल मोबाइल में भी स्थिति बिगाड़ दी है।

अनेक अंर्त धार्मिक विवाहों में लड़के- लड़की अपना-अपना धर्म मानते हैं और कोई भी धर्म परिवर्तन पर जोर नहीं देता। फारूक अब्दुल्ला की बेटी सारा अब्दुल्ला ने एक हिन्दू राजनेता सचिन पायलट से शादी की है। वे राजस्थान के बड़े नेता हैं। फारूक अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला की पत्नी हिन्दू है। वह मंदिरों में जातीं है कोई रोक-टोक नहीं है। अनेक भाजपा के नेताओं की पत्नियां भी हिन्दू हैं और कोई किसी को धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य नहीं करता। उनके बच्चे जैसा चाहे वैसा धर्म अपना लेते हैं। यह धर्मांतरण ज्यादातर पैसे के लालच में होता है या फिर समाज में उनकी दयनीय स्थिति के कारण।

अब कानून बना है कि यदि कोई अपना धर्म परिवर्तन करना चाहे तो उसे जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर से आज्ञा लेनी होगी। क्या यह संविधान में दिये गये धार्मिक स्वतंत्रता के विरुद्ध नहीं है ! धोखे से शादी करके बाद में धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य करना वास्तव में अपराध है परन्तु इसके लिए लड़की स्वयं कितनी जिम्मेदार है कि जिस लड़के के प्यार में पागल होकर उससे शादी कर ली, उसकी बैक ग्राउण्ड के बारे में उसे कुछ नहीं मालूम। अनेक मुस्लिम लड़कियों ने भी हिन्दू लड़कों से शादी की है और बाद में हिन्दू धर्म अपना लिया है।

असल में तो सच्चे प्यार में धर्म बीच में आता ही नहीं। आप अपनी आस्था को मानें परन्तु ज्यादातर आज के लड़के-लड़कियों का प्यार इंफ्रैक्चुएशन है। इसके लिए मां-बाप को और सतर्क रहना चाहिए। प्यार और शादी के मामले शुद्धतः व्यक्तिगत हैं। इसमें सरकार की दखलंदाजी बहुत ज्यादा नहीं होनी चाहिए। हां यदि धोखा दिया जा रहा है तो जरूर सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए परन्तु प्रच्छन्न रूप से देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना देश की सर्व समावेशी सोच के विरुद्ध है और संविधान सम्मत नहीं है। अतः ऐसे कानून बनाते हुए सभी पहलुओं पर गहन चिंतन आवश्यक है।

## जितनी आबादी उतना हक

कई विपक्षी दल जातिगत जनगणना की बात करते हैं। उनका मानना है कि जो जिस जाति का है उसे उतना हक़ मिलना चाहिए। परन्तु ये दल यह नहीं बतलाते कि यह हक़ किन क्षेत्रों में मिलेगा। समतावादी समाज में सभी को पढने् का या सीखने का, या कौशल प्राप्त करने का समान अवसर मिलना चाहिए। उसके बाद ओपन कंप्टीशन में योग्यता के आधार पर चयन होना चाहिए। हक़ किस क्षेत्र में शायद मुख्य मुद्दा सरकारी नौकरियों में हैं। परन्तु वहां तो पहले से ही एस.सी., एस.टी., पिछड़ों, गरीब सवर्ण सवर्णों और शारीरिक रूप से अक्षम को आरक्षण है। फिर क्या व्यापर में हक़ की बात की जा रही है। एक बाजार में कितनी दुकानें सवर्णों की होगी, कितनी एस.टी. वालों की सरकारी नौकरियों में पहले से ही आरक्षण है। इसका एक दुष्परिणाम यह भी देखने को मिलता है कि आरक्षण के कारण जूनियर अपने पहले के सीनियर से उसका बॉस बन जाता है। यह सरकारी काम क्षमता में एक रोड़ा है। असल में अभी केन्द्र ने कुछ पदों के लिए ओपिन कंप्टीशन से विशेषज्ञों की नियुक्तियों के लिए यू.पी.एस.सी. के मार्फत विज्ञापन निकाला है। डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी के लिए है।असल में देश संचालन में कुछ क्षेत्रों में विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। यू.पी.एस.सी. ने मात्र 35 या 40 पदों के लिए विज्ञापन दिया था जो डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी के लिए था। विपक्षी मात्र विरोध के लिए विरोध कर रहा है। इनको चिराग पासवान। नीतीश कुमार का भी समर्थन है, चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान मौसम विज्ञानी कहे जाते थे। वे कांग्रेस की सरकार में भी मंत्री थे और भाजपा की सरकार में भी। कोई सरकारी कर्मचारी यदि दूसरी शादी करता है तो उसकी नौकरी चली जाती है। परन्तु रामविलास पासवान को दोनों शादियों से बच्चे हैं। चिराग पासवान के पास मात्र पांच सांसद हैं। बिहार में उनको कोई बहुत समर्थन नहीं हैं। उनके चाचा, जे.डी.यू. और लालू यादव का विरोध उन्हें सहना पड़ेगा। नीतीश कुमार पल्टू राम के नाम से प्रसिद्ध है। मोदी जी देश में केवल चार जाति मानते हैं। उन्होंने ज्ञान के अनुसार गरीब युवा, अन्नदाता और नारी ये चार जातियां बतलाई हैं। बिहार की पार्टियां लोहिया जी का नाम लेती हैं जो जाति तोड़ो के पुरोधा थे। इन पार्टियों को जरा लोहिया साहित्य ठीक से पढ़ लेना चाहिए।

# क्या रूस यूक्रेन युद्ध की समाप्ति संभव भी है

//श्रुति व्यास//

**रूस अब पूरी तरह से मनमानी पर उतर आया है। सर्दी के मौसम की शुरूआत के साथ ही रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की बिजली उत्पादन संरचना को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। सोमवार को रूस ने युद्ध प्रारंभ होने के बाद से सबसे बड़े हवाई हवाई में ड्रोनों और मिसाईलों के जरिए यूक्रेन के बिजली घरों पर हमले किए। रूस पहले भी यूक्रेन के पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनता रहा है, जिसका लक्ष्य उसके नागरिकों को अंधेरे में जीने पर मजबूर करना और हाड़ जमाने वाली सर्दी का हथियार के रूप में इस्तेमाल करना है।**

ये हमले तब हुए जब युद्ध एक नाजुक दौर में है। इस दौर में यूक्रेन ने सीमा पार दक्षिणी रूस में घुसपैठ की है और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह रूसी भूभाग पर हुआ पहला हमला है। सोमवार को यक्रेनी सुरक्षा बलों ने रूस के और भीतरी इलाकों में घुसने का प्रयास किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपने साथी देशों से अनुरोध किया है कि वे रूस की सीमा के अन्दर, भीतरी इलाकों पर आक्रमण के लिए उनके द्वारा दिए गए हथियारों के इस्तेमाल पर लगी पाबंदी हटा लें।

इस बीच पूर्वी यूक्रेन के माइंस शहर पोकरोवस्क के निवासी जल्दी से जल्दी वहां से भागने की तैयारी कर रहे हैं। रूसी सेना इस शहर से केवल 11 किमी की दूरी पर हैं। यूक्रेन को उम्मीद थी कि क्रूस्क पर उसके अचानक किए गए हमले के नतीजे में इस मोर्चे पर रूस धीमा पड़ेगा। मगर ऐसा नहीं हुआ और रूसी सेनाएं और तेजी से आगे बढ़ी हैं। रूस के लिए इस शहर पर कब्ज़ा एक रणनीतिक लक्ष्य है, जो दिनप्रो और जेपोरिसिया जैसे बड़े शहरों की ओर बढ़ने का रास्ता खोल देगा।

यूक्रेन के शीर्ष सैन्य अधिकारी रूस के आगे बढ़ने की कुछ और ही वजहें बता रहे हैं। कुछ का कहना है कि उनके पास पर्याप्त मात्रा में गोला-बारूद नहीं है और दुश्मन उनसे दस गुने तक अधिक असलहे का इस्तेमाल कर रहा है। कुछ अन्य रूस की रणनीति की चर्चा करते हैं ङ्क छोटे-छोटे समूहों में पैदल सेना द्वारा हमले, ग्लाईड बम और नए प्रकार के इलेक्ट्रानिक युद्ध। लेकिन लंबे समय से जारी युद्ध के कारण आई थकावट और पर्याप्त संख्या में सैनिक उपलब्ध न हो पाना यूक्रेन की इस विफलता के सबसे बड़े कारण हैं। जनता डर के माहौल में जीते-जीते और अनिश्चित परिस्थितियों से तंग आ चुकी है। सैनिकों को अपनी शारीरिक क्षमता से बहुत अधिक काम करना पड़ रहा है और जो सैनिक तेज लड़ाई वाले मोर्चों पर तैनात हैं, उनका कहना है कि वहां हथियारों और सैन्य बल दोनों की संख्या दुश्मन की तुलना में बहुत कम है। रूस की लगातार बड़े हवाई हमले करने की क्षमता कायम है और इसके कारण यूक्रेन को कई ऐसे जगहों से पीछे हटना पड़ रहा है जहां उसकी जबरदस्त किलेबंदी है। इस स्थिति से निपटने का कोई उपाय ढूंढना उसकी प्रमुख सैन्य एवं कूटनीतिक प्राथमिकताओं में से एक है। कीव लगातार प्रयास कर रहा है कि युद्ध का रूख बदलने के लिए वह सीमा पार रूस के क्रूसक इलाके पर अधिकाधिक तीव्र हमले करे।

युद्ध शुरू हुए दो साल हो चुके हैं और वह लगातार जारी है। पुतिन अपनी जिद पर अड़े हुए हैं और पूरी निर्ममता से हमले कर रहे हैं। जेलेंस्की पूरी दृढ़ता से उनका मुकाबला कर रहे हैं। पश्चिम ने ठान रखा है कि वह पुतिन को सत्ता से बेदखल करके रहेगा। बड़े पैमाने पर पश्चिम की सैन्य सहायता के चलते ही यूक्रेन अब तक न तो पराजित हुआ है ना ही आत्मसमर्पण को बाध्य हुआ है। क्रमलिन का इरादा उत्तरी यूक्रेन पर किए जा रहे हमलों को जारी रखने का नजर आता है, और वह पहले की तरह बेरहमी से टोरेस्क और अन्य शहरों में हवाई हमले जारी रखे हुए है। ऐसी खबरें हैं कि दो हफ्ते पहले यूक्रेनी सैनिकों के रूसी भूभाग में घुस आने के बाद से रूस में राष्ट्रपति पुतिन की छवि को धक्का पहुंचा है। यह भी पिछले कुछ दिनों में रूसी हमलों के अधिक तीव्र होने का एक कारण है। पोकरोवस्क पर कब्जे और डोनेस्क इलाके की प्रशासनिक सीमा की ओर आगे बढ़ जाना, पुतिन के लिए देश अन्दर यह दावा करने के लिए पर्याप्त होगा कि वे जीत रहे हैं।

रूस एवं यूक्रेन दोनों ने रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण एक-दूसरे के शहरों में घुसपैठ करने में सफलता हासिल कर ली है जिसका उपयोग युद्ध की समाप्ति के लिए होने वाली समझौता वार्ताओं में किया जा सकता है। लेकिन क्या यूक्रेन ने समझौता वार्ताओं में अपनी स्थिति मज़बूत बनाने के लिए जिस रूसी भूभाग पर कब्जा किया है, वह उसे बनाए रखने में सफल होगा। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि जब तक तानाशाह पुतिन सत्ता पर काबिज है तब तक क्या युद्ध की समाप्ति संभव भी है।

# मोदी जी की यूक्रेन यात्रा

पिछली डेढ़ साल से रूस और यूक्रेन के बीच जंग छिड़ी हुई है। शुरू-शुरू में रूस ने समझा था कि वह यूक्रेन को दो दिन में तबाह कर देगा, परन्तु यूक्रेन अभी भी डटा हुआ है यद्यपि यूक्रेन में भारी तबाही हो चुकी है। भारत के बहुत से युवा यूक्रेन में डॉक्टरी पढ़ रहे थे। भारत में उन्हें तुरंत बाहर निकाला। असल में हाल में जब मोदी जी रूस गये थे, तो अमरीका के तेबर बदलने लगे। अब भारत के विदेश मंत्री अमरीकी दौरे पर हैं। ताकि अमरीका के सम्बन्धों में तनाव न आये। जिस दिन मोदी जी से पुतिन गले मिल रहे थे तभी रूस ने यूक्रेन के एक बच्चों की अस्पताल में बमबारी की थी जिसमें अनेक बच्चे मारे गये थे। मोदी जी कहते हैं कि भारत युद्ध का नहीं बुद्ध का देश है। असल में भारत की रूस से बहुत पुरानी दोस्ती है। वह कांग्रेस काल में शुरू हुई थी जिसे मोदी जी ने नहीं बदला। इस समय भारत को रूस से सस्ता ईंधन मिल रहा है। विश्व मंच पर रूस ने सदा भारत का साथ दिया है इसी कारण जब भी संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस के विरुद्ध कोई प्रस्ताव आया तो भारत ने वोट से एब्सटेन(अनुपस्थित) किया। आज की विदेश नीति मानो रस्सी पर नटी का खेल है। नटी एक डण्डे से बैलेंस बनाकर एक छोर से दूसरे छोर जाती है। रूस एक छोर पर हैं। अमरीका दूसरे छोर पर है। यूक्रेन को भारत से बहुत आशा है। आज विश्व में मोदी जी सर्व प्रिय नेता हैं। उनकी छवि बिना दागदार है। विश्व के देश उन्हें शांति का दूत मानते हैं। भारत सदा कहता रहा है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है। शायद यूक्रेन के दौरे पर विश्व शांति के लिए कोई प्रस्ताव पारित हो। वह यूक्रेन से पहले पोलैण्ड जा रहे हैं। पोलैण्ड नाटो का सदस्य है। असल में रूस नहीं चाहता कि यूक्रेन नाटो का सदस्य बने। इससे रूस को खतरा है कि सारा यूरोप उसके विरुद्ध हो जायेगा। असल में उसने यूक्रेन को पूरी तरह से तबाह ही कर दिया है। काफी यूक्रेन का भू-भाग पहले से ही रूस के कब्जे में है। आज स्थिति यह है कि यूक्रेन के बहुत से निवासी पड़ौसी देशों में शरण लिये हुये हैं। यूं रूस भी कोई बहुत अच्छी स्थिति में नहीं है। उसकी फौज में सिपाहियों की काफी कमी है। रूस की सेना में बहुत से भारतीय भी शामिल हो गये हैं। भारत का विदेश विभाग उन्हें मुक्त कराकर वापिस लाना चाहता है पर रूस का कहना है कि ये भारतीय रूस की सेना में स्वेच्छा से शामिल हुये हैं। यह सच भी हो सकता है क्योंकि भारत में बेरोज़गारी को देखते हुए बहुत से भारतीय इजरायल की सेना में भी हैं। शायद सेना में तो नहीं होंगे। परन्तु और बहुत तरफ से गैर युद्ध क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कहते हैं उनमें से कुछ ने यहूदी धर्म भी अपना लिया है। मोदी जी की यूक्रेन यात्रा यदि विश्व शांति की दिशा में कुछ कर सकी तो इससे भारत का गौरव बढ़ेगा और विश्व में मोदी जी की शान और भी बढ़ जायेगी।

## धुर-दक्षिणपंथ की उठती लहर

विश्व नेताओं के सामने धुर-दक्षिणपंथ की उठती लहर की चुनौती है, जिसे सीधे तौर पर चार दशकों से अपनाई गई नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों का परिणाम माना गया है। अब टैक्स की ऊंची दर को इसका एक समाधान समझा जा रहा है। हाल में इटली से आई इस खबर ने सबको चौंकाया कि वहां की धुर-दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की सरकार ने विदेशों में कमाए गए धन पर लगने वाले टैक्स को दो गुना कर दिया है। इटली सबसे कम टैक्स रेट वाले देशों में रहा है। इस रूप में वह उन देशों में है, दुनिया भर के अति धनी लोगों में जहां की नागरिकता लेने की होड़ रही है। मगर अब देश का मूड बदल चुका है। आर्थिक मामलों के मंत्री जियांकार्लो जियोर्गेती ने कहा कि विभिन्न देश वित्तीय लाभ का ऑफर देने की होड़ में शामिल हों, इटली इस विचार के खिलाफ है।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और उनके पुत्र बाबूलाल सोरेन के साथ बैठक करते हुए।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में श्रद्धेय राजमाता विजयाराजे सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित की।



महिला कांग्रेस की सदस्यों ने भोपाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और बलात्कार के मामलों में न्याय और कार्रवाई की मांग को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।




दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता नई दिल्ली स्थित दिल्ली भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।



ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।




केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में फिक्की सड़क सुरक्षा पुरस्कार और सम्मेलन 2024 के छठे संस्करण को संबोधित किया।

# SC-ST से क्रीमी लेयर बाहर करना टिप्पणी है, निर्देश नहीं, सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर क्या बोले कानून मंत्री



नईदिल्ली, 29 अगस्त [एजेंसी]।

एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का सिद्धांत लागू करने की सुप्रीम कोर्ट के फैसले में कही गई बात पर देश के विभिन्न हिस्सों से कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। राजनीतिक दल भी अपनी-अपनी तरह से इस पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।ऐसे में देश के कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि एससी-एसटी से क्रीमी लेयर बाहर करना सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी (आब्जर्वेशन) है, निर्देश नहीं। यानी कि सुप्रीम कोर्ट की यह बात फैसले में व्यक्त किया गया उसका विचार भर है, कोर्ट ने ऐसा करने का निर्देश नहीं दिया है।बुधवार को खास बातचीत में अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि क्रीमी लेयर को बाहर करने की बात सुप्रीम कोर्ट का ऑब्जर्वेशन है। निर्देश और ऑब्जर्वेशन में फर्क होता है। यह समझना होगा कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मामला क्या था जिस पर सात न्यायाधीशों की पीठ ने फैसला दिया।वह कहते हैं कि पंजाब सरकार ने 2005-2006 में एक कानून बनाया, जिसमें अनुसूचित जाति (एससी) के आरक्षण में से 50 प्रतिशत हिस्सा वाल्मीकि और मजहबी सिखों को देने की बात थी। हाई कोर्ट ने उस कानून को यह कहते हुए रद कर दिया था कि अनुच्छेद-341 उपवर्गीकरण की बात नहीं करता है तो आप उसके विरुद्ध नहीं जा सकते। वह मामला सुप्रीम कोर्ट आया। उसके बाद आंध्र प्रदेश का एक मामला आया उसमें भी इसी तरह की बात थी। उपवर्गीकरण पर एक फैसला तीन जजों की पीठ का था और एक पांच जजों की पीठ का था जिसमें परस्पर विरोध था। इसलिए इन मामलों पर सात जजों की पीठ ने विचार किया और फैसला दिया।

कई राज्य इस मामले में शामिल थे, जिन्होंने निर्देश मांगा था।मेघवाल कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की पीठ ने एक अगस्त, 2024 को जो फैसला दिया उसके दो भाग हैं। एक भाग ऑब्जर्वेशन है जो निर्देश नहीं है। एससी-एसटी वर्ग में क्रीमी लेयर होनी चाहिए, यह निर्देश नहीं है, यह सुप्रीम कोर्ट का ऑब्जर्वेशन है। इस मामले में भ्रम फैला हुआ है और सरकार इस पर स्थिति साफ कर चुकी है। फैसले का दूसरा भाग निर्देश है, लेकिन वे निर्देश भी राज्यों को हैं। केंद्र को फैसले में कोई निर्देश नहीं दिया गया है और न ही केंद्र सरकार उस मामले में पक्षकार थी।मेघवाल ने कहा कि फैसले के दूसरे भाग में कोर्ट ने राज्यों को निर्देश दिया है कि अगर आप चाहें तो अनुसूचित जाति वर्ग में उपवर्गीकरण कर सकते हैं। ऐसा करना असंवैधानिक नहीं होगा। लेकिन उसकी दो शर्तें हैं। पहली शर्त है कि उपवर्गीकरण से जिन जातियों को आरक्षण देना चाहते हैं, उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं होने के आंकड़े एकत्र करने होंगे। बिना आंकड़ों के ऐसे ही उपवर्गीकरण नहीं किया जा सकता।उन्होंने बताया कि दूसरी शर्त है कि अनुसूचित जाति में से जिस जाति को उपवर्गीकरण करके आरक्षण दिया जा रहा है वह आरक्षण सौ प्रतिशत नहीं हो सकता।

यानी जिस उपवर्ग को आरक्षण देना चाहते हैं, उसे ही एससी वर्ग का सारा आरक्षण नहीं दिया जा सकता। इन दो शर्तों के साथ जो राज्य चाहेंगे, आंकड़े एकत्र करेंगे और आगे बढ़ेंगे। इस फैसले को बस इतना ही समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद विपक्ष के साथियों और कांग्रेस के साथी ने लोकसभा में प्रश्न पूछे थे तब भी उन्होंने इसे स्पष्ट किया था। इसके अलावा भाजपा के एससी-एसटी सांसद भी प्रधानमंत्री से मिले थे और उन्हें ज्ञापन सौंपा था कि इसे स्पष्ट किया जाए। उसी दिन नौ अगस्त को कैबिनेट की बैठक थी और प्रधानमंत्री ने उसमें स्पष्ट किया था कि एससी-एसटी के मामले में क्रीमी लेयर लागू नहीं है।कानून मंत्री ने कहा कि यह बात स्पष्ट हो चुकी है। विपक्ष फेक नैरेटिव गढ़ता है तो वह कुछ कहेगा ही। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट की सात न्यायाधीशों की पीठ ने छह-एक के बहुमत से फैसला दिया था, जिसमें कहा था कि एससी वर्ग के आरक्षण में ज्यादा जरूरतमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए उपवर्गीकरण किया जा सकता है।

## अधेड़ तांत्रिक ने नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म पिता की बीमारी ठीक करने के नाम पर की दरिंदगी




नईदिल्ली, 29 अगस्त [एजेंसी]।

दिल्ली के रोहिणी से एक बेहद हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक 52 साल के तांत्रिक ने एक नाबालिग लड़की के साथ उसके बीमार पिता को ठीक करने के नाम पर दुष्कर्म कर डाला। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि आरोपी ने तंत्र-मंत्र से लड़की के पिता को ठीक करने की बात कही थी। घटना के बारे में बताते हुए पुलिस अधिकारी ने कहा कि लड़की का पिता अक्सर बीमार ही रहता है तो आरोपी मोहम्मद शरीफ ने पिता तो तंत्र-मंत्र से ठीक का दावा किया और पीड़िता को बहला फुसलाकर कब्रिस्तान बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद 12 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मंगलवार को कंझावला पुलिस स्टेशन में एक लड़की के यौन उत्पीड़न के संबंध में एक कॉल प्राप्त हुई थी।

पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। वहीं, पुलिस ने बताया कि आरोपी पीड़िता के घर आता जाता रहता था इसी कारण वह उसके झांसे में आ गई। पुलिस ने कहा कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर, आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65(2) (बारह साल से कम उम्र की महिला से बलात्कार) और POCSO अधिनियम की धारा 6 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने मोहम्मद शरीफ को गिरफ्तार कर लिया है।

## यौन उत्पीड़न की नाबालिग पीड़िता को बार-बार नहीं बुला सकते, सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

नईदिल्ली, 29 अगस्त [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यौन उत्पीड़न की नाबालिग पीड़िता को ट्रायल कोर्ट में गवाही देने के लिए बार-बार नहीं बुलाया जाना चाहिए।वजस्टिस सुधांशु धूलिया की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यौन अपराध के दर्दनाक अनुभव से पीड़ित बच्चे को एक ही घटना के बारे में गवाही देने के लिए बार-बार नहीं बुलाया जाना चाहिए। अदालत उड़ीसा हाई कोर्ट और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत नयागढ़ के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-सह-विशेष न्यायालय के आदेशों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने एक नाबालिग पीड़िता को गवाह के रूप में फिर से बुलाने से इनकार कर दिया था। इस मामले में आरोपित ने नाबालिग लड़की का अपहरण करके उससे मंदिर में शादी कर ली थी और उसे यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया था। बाद में पीड़िता को उसके माता-पिता ने पुलिस की मदद से बचाया था। आरोपितों पर 2020 में आईसीपी, पोक्सो अधिनियम और बाल विवाह निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान विशेष अदालत ने आरोपित द्वारा पीड़िता को गवाह के रूप में दोबारा बुलाने के लिए दायर आवेदन को खारिज कर दिया। ट्रायल कोर्ट ने पोक्सो अधिनियम की धारा-33(5) पर भरोसा किया, जिसमें कहा गया है कि बच्चे को गवाही के लिए अदालत में नहीं बुलाया जाएगा।

निर्णय को बरकरार रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पोक्सो अधिनियम एक विशेष कानून है, जिसे बच्चों को यौन अपराधों से बचाने व उनके हितों की रक्षा करने तथा अधिनियम के तहत अपराधों के मुकदमे के प्रत्येक चरण में बच्चे की भलाई सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया था। अधिनियम की धारा-33(5) में विशेष अदालत पर यह सुनिश्चित करने का दायित्व है कि बच्चे को अदालत के समक्ष गवाही देने के लिए बार-बार न बुलाया जाए। पीठ ने कहा कि धारा-33(5) पीड़िता को गवाह के रूप में दोबारा बुलाने पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाती, लिहाजा प्रत्येक मामले को उसके अलग तथ्यों और परिस्थितियों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

## गाजा के बाद अब इजरायल का वेस्ट बैंक में बड़ा हमला, 9 की मौत, अमेरिका से लगाई मदद की गुहार

दोहा, 29 अगस्त [एजेंसी]।

गाजा में युद्धविराम की कोशिशों के बीच इजरायली हमले में वेस्ट बैंक में नौ फलस्तीनियों की मौत हो गई। इजरायल ने इन्हें फलस्तीनी लड़ाके बताया है। फलस्तीनी प्राधिकरण ने कहा कि इजरायली सेना ने जेनिन और तुलकेरेम पर हेलीकाप्टर और ड्रोन से हमले किए। इसे हाल के महीनों में वेस्ट बैंक पर हुए बड़े हमलों में बताया गया है। इसके साथ सीरिया-लेबनान सीमा पर भी इजरायल के हमले में चार लड़ाकों की मौत हुई है। दूसरी ओर, गाजा में युद्धविराम को लेकर अमेरिका, मिस्त्र, कतर व इजरायल के मध्यस्थों के बुधवार को दोहा में शांति वार्ता के लिए फिर से मिलने की खबर है। इस बारे में अधिक विवरण नहीं मिल पाया है। इजरायली सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदव शोशानी ने कहा कि उग्रवादियों के गढ़ रहे जेनिन में एक बड़ी सैन्य टुकड़ी प्रवेश कर गई है। इसके साथ ही तुलकेरेम और अल-फरा शरणार्थी शिविर की घेराबंदी कर ली गई है। ये सभी उत्तरी वेस्ट बैंक में हैं। उन्होंने कहा कि हवाई हमले में मारे गए सभी नौ हमास लड़ाके हैं, इसमें जेनिन में दो,



तुलकेरेम में तीन और अल-फारसा में चार की मौत हुई है। इसके अलावा छापे में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।कहा, इस बड़े अभियान का उद्देश्य इजरायली नागरिकों की रक्षा करना है। वहीं, फलस्तीनी लड़ाकों ने कहा कि वे भी इजरायली सेना को लगातार जवाब दे रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 25 वर्षों में गाजा के अंदर पोलियो का पहला पुष्ट मामला सामने आया है। इजरायल-हमास युद्ध में जन्मे 10 महीने के अब्देल-रहमान अबुएल-जेडियन ने जल्दी चलना शुरू कर दिया।

लेकिन एक दिन अचानक वह अकड़ गया और उसका बायां पैर लकवाग्रस्त लग रहा था।10 महीने के गाजा युद्ध में वेस्ट बैंक में 652 फलस्तीनी मारे गए हैं, जबकि कुल मृत फलस्तीनियों की संख्या 40, 534 पहुंच गई है। वहीं, इजरायली सेना ने कहा है कि सीरिया-लेबनान बार्डर पर लड़ाकों के ठिकानों का लक्षित कर किए गए हमले में इरान समर्थित आतंकी समूह इस्लामिक जिहाद का अहम सदस्य फारिस कासिम मारा गया है। यह सीरिया और लेबनान से इजरायल के विरुद्ध अभियान के लिए जिम्मेदार था। अमेरिका से तत्काल हस्तक्षेप की मांग जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने रेडियो पर कहा कि इजरायली सुरक्षा बलों ने शहर को चारों ओर से घेर लिया है। इसके प्रवेश द्वारों को बंद कर दिया है। वहीं, फलस्तीनी अधिकारियों ने आरोप लगाया कि हास्पिटल जाने वाली सड़कों को भी अवरुद्ध कर दिया गया है। फलस्तीनी प्राधिकरण ने हमले की निंदा करते हुए अमेरिका से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

## रूस में प्रवेश नहीं कर पाएंगे अमेरिकी पत्रकार और व्यवसायी, 92 लोगों पर लगाया प्रतिबंध



मॉस्को , 29 अगस्त [एजेंसी]।

रूस ने एक बार फिर अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई की है। रूस ने 92 अमेरिकी नागरिकों के अपने क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें वॉल स्ट्रीट जर्नल, न्यूयॉर्क टाइम्स और वाशिंगटन पोस्ट के पत्रकारों सहित कई वकील और नामी व्यवसायी हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस और अमेरिका के बीच कोल्ड वॉर जारी है, इससे दोनों देशों के बीच संबंध काफी खराब हो गए हैं। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका में रूसी हस्तियों के खिलाफ प्रतिबंधों का जवाब दे रहा है। वहीं, अभी यह सत्यापित करना बाकी है कि सूचीबद्ध सभी लोगों के पास अमेरिकी राष्ट्रीयता है या नहीं। मंत्रालय द्वारा टेलीग्राम पर प्रकाशित सूची में वॉल स्ट्रीट जर्नल के 14 कर्मचारी, न्यूयॉर्क टाइम्स के पांच पत्रकार और वाशिंगटन पोस्ट के चार पत्रकार शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि रूस अग्रणी उदारवादी-वैश्विक प्रकाशनों के संपादकीय कर्मचारियों और पत्रकारों को निशाना बना रहा है, जो रूसी सशस्त्र बलों के बारे में लिखते हैं और लोगों को उनका सच बताते हैं।

## सरकार की नई योजना, 14 से 18 साल की लड़कियों को मिलेगा लाभ, तीन हफ्तों में होगी शुरू

नईदिल्ली, 29 अगस्त [एजेंसी]।

सरकार जल्द ही 14 से 18 साल की लड़कियों को गैर-पारंपरिक नौकरियों के लिए प्रशिक्षित करने की एक योजना शुरू करेगी। इसका मकसद श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक ने कहा कि योजना को शुरुआती चरण में 27 जिलों में अगले दो से तीन सप्ताह में शुरू किया जाएगा। इसके बाद देशभर के 218 जिलों में विस्तारित किया जाएगा। गैर पारंपरिक पेशे को आमतौर पर



एक निश्चित भूमिका के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें पुरुष या महिला की भागीदारी 25 प्रतिशत से कम होती है। किशोरियों व महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विशेष परियोजना की शुरूआत के तहत 14 से 18 वर्ष की लड़कियों को उनकी शिक्षा जारी रखने के दौरान उनके स्कूलों तथा घरों के नजदीक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इसके तहत डिजिटल कौशल, डिजिटल मार्केटिंग और व्यक्तित्व विकसित के साथ-साथ गैर-पारंपरिक नौकरियों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। मलिक ने कहा कि हमने कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## स्कूलों में बच्चों के यौन उत्पीड़न पर 24 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, गाइडलाइंस जारी करने की उठी मांग

बदलापुर, 29 अगस्त [एजेंसी]।

महाराष्ट्र के बदलापुर समेत कई स्कूलों में बच्चों के यौन उत्पीड़न की हाल की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 24 सितंबर को इस मामले में सुनवाई करने पर सहमति जता दी है। एक गैर सरकारी संगठन ने अदालत से देश भर के शिक्षण संस्थानोंमें बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइंस जारी करने को कहा है।गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फुल्का ने कहा कि केवल पांच राज्यों ने बच्चों की सुरक्षा पर केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन किया है।इसलिए इस संबंध में दायर याचिका पर जल्द से जल्द सुनवाई होनी चाहिए। जस्टिस नागरत्ना और एनके सिंह ने खंडपीठ ने 24 सितंबर को सुनवाई के लिए मामले को सूचीबद्ध किया है। उल्लेखनीय है कि यह याचिका विगत 6 मई, 2019 से लंबित है। अतः एनजीओ बचपन बचाओ आंदोलन ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है, इसीलिए वह यौन उत्पीड़न व हिंसा का शिकार हो रहे हैं।

## सुबूत मिटाने के बाद डॉक्टरों को धमका रहीं मुख्यमंत्री, भाजपा का आरोप- खिसियाहट में चुनाव कराना चाहती हैं ममता

कोलकाता, 29 अगस्त [एजेंसी]।

पश्चिम बंगाल में प्रशिक्षु डाक्टर से दुष्कर्म व हत्या के मामले में राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर लगातार हमलावर भाजपा ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जांच को भटकाने, आरोपियों को बचाने और सुबूतों को मिटाने के बाद अब डॉक्टरों को धमकाने का प्रयास कर रही हैं।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ममता बनर्जी खिसियाहट में चुनाव कराने की बात कह रही हैं, जबकि यह पीड़िता के साथ न्याय का विषय है, चुनाव का नहीं। भाजपा ने बुधवार को बंगाल बंद के दौरान सीएम ममता बनर्जी द्वारा प्रेसवार्ता कर की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई। डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, ममता बनर्जी ने कहा कि मैं नहीं चाहती कि एफआईआर हो, कैरियर बर्बाद हो और पासपोर्ट-वीजा मिलने में परेशानी हो। बंगाल की जनता इस भाव और अभिव्यक्ति को समझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शब्दों के हेरफेर के साथ ममता बनर्जी ने डॉक्टरों को धमकाने का प्रयास किया है। सुधांशु ने कहा कि उनका यह कहना कि चुनाव करवा लो, उनकी खिसियाहट की अभिव्यक्ति है। हम कहना चाहते हैं कि यह पीड़िता के साथ न्याय का विषय है, चुनाव का नहीं। जिसकी सत्ता होगी, न्याय उसके पक्ष में ही होगा, यह सोच संविधान के लिए सबसे खतरनाक सोच है।भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि संविधान खतरे में कैसे हो सकता है, इसकी बानगी पश्चिम बंगाल में दिखती है। कांग्रेस के ही नेता अधीर रंजन चौधरी नेता प्रतिपक्ष रहते हुए कह चुके हैं कि बंगाल में कोई लोकतंत्र नहीं है। आज वह शब्दशः चरितार्थ होता दिख रहा है। यह वही ममता बनर्जी हैं, जो दुष्कर्म के विरुद्ध बहुत बड़ा आंदोलन कर चुकी हैं। आज ममता बनर्जी की संवेदनाएं इतनी मृत हो गईं कि दोषियों को बचाने में लगी हैं।सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि आपने सुबूतों को मिटा दिया है, छेड़छाड़ कर दी है।

## 2030 तक शत-प्रतिशत साक्षरता हासिल करने का लक्ष्य, राज्यों को उल्लास से जुड़ने के दिए गए निर्देश

नईदिल्ली, 29 अगस्त [एजेंसी]।

साक्षरता पर राज्यों में आने वाले दिनों में एक नया उल्लास और जोश देखने को मिल सकता है। केंद्र सरकार ने फिलहाल इसे लेकर पहल तेज की है। सभी राज्यों को पत्र लिखकर साक्षरता से जुड़ी मुहिम को तेज करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही साक्षरता के नए चरण उल्लास ( अंडरस्टैंडिंग लाइफलॉग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी ) से जुड़ने की सलाह भी दी है, जिसका उद्देश्य 2030 तक शत-प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को हासिल करना है। एक आकलन के मुताबिक मौजूदा समय में देश में साक्षरता दर करीब 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है, हालांकि 2011 की जनगणना में यह दर करीब 73 प्रतिशत ही था।शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा सचिव ने राज्यों को यह पत्र ऐसे समय लिखा है, जब साक्षरता को लेकर शुरू किए गए उल्लास अभियान को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में



बड़ी सफलता मिली है, जिसने 97 प्रतिशत से अधिक की साक्षरता दर हासिल कर ली है। इसके साथ ही पूर्ण साक्षरता हासिल करने वाला वह देश का पहला केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। ऐसे में शिक्षा मंत्रालय ने बाकी राज्यों से भी पूर्ण साक्षरता दर हासिल करने के लिए इसी तर्ज पर अभियान चलाने के निर्देश दिए है। वैसे भी उल्लास अभियान के तहत छेड़ी गई साक्षरता की नई मुहिम के दायरे को काफी विस्तार दिया है, जिसमें यह अभियान अब सिर्फ शब्द और अंक ज्ञान तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इनमें लोगों की जरूरत के लिए सभी रंग भरे जाएंगे। यानी उन्हें इसके साथ बैंकों से जुड़े लेन-देन, साइबर सुरक्षा, मतदान, सेहत और रेल यात्रा, कानून आदि से जुड़ी सीख भी दी जाएगी। साक्षरता अभियान के नए चरण में मंत्रालय ने गैर-साक्षर लोगों को पढ़ाने के लिए 12 भाषाओं में उल्लास नाम से तीन नई पाठ्यपुस्तकें भी तैयार की है, जो उन्हें अभियान के अलग-अलग स्तरों पर पढ़ाई जाएगी। मंत्रालय ने यह पहल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के तहत की है, जिसमें मातृभाषा या फिर स्थानीय भाषा में ही शुरुआती शिक्षा देने पर जोर दिया गया है। यह पाठ्यपुस्तकें की ज्यादातर विषयवस्तु खेल आधारित यानी खेल-खिलौनों के जरिए पढ़ाने वाली है।साक्षरता की इस मुहिम में उन सभी राज्यों को पूर्ण साक्षर घोषित कर दिया जाएगा, जो 95 प्रतिशत से अधिक की साक्षरता दर हासिल कर लेंगे। मंत्रालय से जुड़े सूत्रों की मानें तो केरल, दिल्ली, उत्तराखंड, असम, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य इसकी करीब है। यदि इन सभी राज्यों ने साक्षरता के इस नए अभियान में रूचि दिखाई तो वह जल्द ही पूर्ण साक्षरता के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। फिलहाल केंद्र ने उल्लास अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 तक करीब 1037 करोड़ खर्च करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें सात सौ करोड़ केंद्र देगा, जबकि बाकी राशि राज्य अपने पास से खर्च करेंगे।

## युद्ध, नक्सलवाद से 'यादा सड़क दुर्घटनाओं में गई लोगों की जान, गडकरी बोले- ड्राइवर बनता है बलि का बकरा



नईदिल्ली, 29 अगस्त [एजेंसी]।

भारत में युद्ध, उग्रवाद और नक्सलवाद से ज्यादा लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में गई है। सड़क परियोजनाओं की खराब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट यानी डीपीआर के कारण ब्लैकस्पॉट की संख्या बढ़ रही है। यह कहना है केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का।वे बुधवार को फिक्की रोड सेफ्टी अवॉर्ड्स और कॉन्क्लेव 2024 के छठे संस्करण को संबोधित कर रहे थे। गडकरी के अनुसार, भारत में हर साल पांच लाख दुर्घटनाएं होती हैं और 1.5 लाख लोगों की मौत हो जाती है, जबकि करीब तीन लाख लोग घायल होते हैं। इससे देश की जीडीपी को तीन प्रतिशत का नुकसान हुआ है। नितिन गडकरी ने कहा कि बलि के बकरे की तरह हर दुर्घटना के लिए ड्राइवर को दोषी ठहराया जाता है। मैं आपको बता दूं और मैं बारीकी से देखता भी हूं, अक्सर सड़क इंजीनियरिंग में गलती होती है। केंद्रीय मंत्री ने सभी हाईवे का सुरक्षा ऑडिट कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्घटनाओं की संख्या कम करने के लिए हमें लेन अनुशासन का पालन करने की जरूरत है। गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय एंबुलेंस और उसके ड्राइवरों के लिए कोड तैयार कर रहा है, ताकि उन्हें सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को तत्काल बचाने के लिए कटर जैसी मशीनरी का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया जा सके।



## मुख्य मार्ग पर कीचड़ से परेशान हो रहे ग्रामीण, सांसद से लगाई मदद की गुहार

**बैकुंठपुर कोरिया।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में कोरिया जिले के ग्राम पंचायत कसरा के ग्रामीण कीचड़ भरी सड़क से परेशान है। बारिश पूर्व सड़क निर्माण का कार्य नहीं कराए जाने के कारण गांव के मुख्य मार्ग की हालत बदतर हो गई है। जिस पर अब बारिश के कारण कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है। आवाजाही के लिए मुख्य मार्ग पर करीब 500 मीटर तक रास्ता कीचड़ में तब्दील है। रास्ते में सड़क कच्ची होने और पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां कीचड़ पसरा है। जिसके कारण लोगों को सड़क मार्ग से निकलने में काफी परेशानी हो रही है। इसके बावजूद भी सड़क निर्माण नहीं कराया जा रहा है। इसी सड़क से होकर बस्ती के ग्रामीणों को आए दिन शासकीय कामकाज के लिए तहसील एवं अन्य स्थानों पर आना- जाना पड़ता है। हालांकि सड़क की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने कोरबा लोकसभा की सांसद से मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने सांसद ज्योत्सना महंत को ज्ञापन देकर कलिंदर यादव के घर तक सीसी सड़क निर्माण करने की मांग की है।

# हत्या के 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** ग्राम कुर्रीडीह थाना झिलमिली निवासी बालो बाई पति सुकुल ने थाना झिलमिली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 22 अगस्त को राशन लेने सोसायटी गई थी जहां से वापस घर आने के दौरान रास्ते में ग्राम उंचडीह का भजीता छोला व ग्राम कुर्रीडीह का बालसाय दोनों एक साथ मिले जिन्हें पूर्व में काम धाम क्यों नहीं करते हो घुमते रहते हो बोली उसी रंजीश को लेकर ज्यादा बोलती हो कहकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर दोनों डण्डा से मारपीट किए। प्रार्थियां मृतिका बालो बाई की रिपोर्ट आरोपियों के विरूद्व धारा 296, 115(2), 126, 127, 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामला पंजीबद्ध होने के बाद से ही आरोपीगण फरार थे। इसी बीच घायल महिला बालो बाई का उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस जोड़ी गई। मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भापुसे) ने आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना झिलमिली पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सुरेश सिंह उर्फ छोला पिता दशरथ उम्र 30 वर्ष ग्राम उंचडीह, चौकी बसदेई व बालसाय पिता नहर साय उम्र 52 वर्ष ग्राम कुर्रीडीह, थाना झिलमिली को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि बालो बाई काम नहीं करते हो, दिनभर घुमते हो कहने से आवेश में आकर घटना को अंजाम दिए। आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली नसीमुद्दीन खान, एएसआई पास्कल लकड़ा, प्रधान आरक्षक मुकेश यादव, हेमंत सिंह, राकेश सिंह, गोरख रावाड़े, विनोद सिंह, रामदयाल राठिया व वसीम राजा सक्रिय रहे।

## पानी के तेज बहाव में धसी सड़क

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में बीते 12 घंटे से मूसलाधार बारिश के चलते नदी नाले ऊफान पर हैं. जिले के वाड्रफनगर विकास खंड से पनसारा चलगली मार्ग पर पुल और सड़क बहने से कई गांव से संपर्क टूट गया है. इसके चलते आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है. वहीं लगातार बारिश की चलते लोगों का जनजीवन भी काफी प्रभावित हो रहा है. बता दें, यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई थी. लेकिन भारी बारिश के चलते सड़क बह गई और स्थानीय लोगों को आवाजाही अवरुद्ध होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से सरकार से सड़क बनने तक आवाजाही के लिए अस्थाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है, जिससे उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित ना होना पड़े।

## जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुमन दुबे के नेतृत्व में जेल भरो आंदोलन किया गया



**बैकुंठपुर कोरिया।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में गत 25 अगस्त को कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव एवम युवा कांग्रेस एवं ह्स्ड्ढ के जिला पदाधिकारीयो के गिरस्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस कोरिया के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुमन दुबे एनएसयूआई एवं जिला कांग्रेस के नेतृत्व में जेल भरो आंदोलन किया गया ।भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्वाचित विधायक सहित युवा कांग्रेस एवं एनएसयुआई के जिला अध्यक्षों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर विभिन्न धाराओं पर एफ.आई.आर. दर्ज कर गिरफ्तार किये जाने के विरोध में जेल भरो आंदोलन किया गया,इस अवसर पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओ में देवेंद्र यादव के गिरस्तारी का भारी विरोध देखा गया,इस अवसर पर पूर्व विधायक अम्बिका सिंहदेव,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,पीसीसी सचिव योगेश शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय सिंह, अनिल जायसवाल, प्रवीर भट्टाचार्य,नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव, आशीष डबरे ,राजीव गुप्ता,पार्षद अंकित गुप्ता,मनीष सिंह ,पार्षद प्रदीप राजवाड़े, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशु कुजूर जिला उपाध्यक्ष राहुल बघेल, सरवन सिंह, राजू मोदी मोनू मांझी फारोग़ सिद्दीक़ी, प्रदीप साहू ,वसीम ख़ान विपुल शुक्ला, सुजीत सोनी ,सूरज ,कालिया ,संतोष नागवंशी,बुधराम ,रवि यादव सोनहत से अजय भास्कर उपस्थित थे।

## प्राकृतिक आपदा राहत के तहत मृतकों के वारिसों को 4 लाख रुपये की मंजूरी

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 01 दिसम्बर 2022 में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व पुस्तक 6 (4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-1 (1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान है। इसी कड़ी में अपर कलेक्टर बैकुण्ठपुर से मिली जानकारी अनुसार बैकुण्ठपुर तहसील के ग्राम रकैया के अभिषेक यादव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश श्री श्याम बाई 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत की गई है।

## सहकारी समितियों एवं कृषि आदान विक्रेताओं के दुकानों का किया जा निरीक्षण

**कोरिया।** कृषकों को गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री उपलब्ध कराने एवं बीज, खाद तथा कीटनाशक के अवैध विक्रय एवं गुणवत्ताहीन आदान सामग्री के विक्रय पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखण्डों में निरीक्षक नियुक्त किये गये है। निरीक्षकों द्वारा नियमित रूप से सहकारी समितियों एवं कृषि आदान विक्रेताओं के दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है एवं निरीक्षण के समय आदान के गुणवत्ता परीक्षण हेतु नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि खरीफ वर्ष 2024 में अब तक सहकारी एवं निजी क्षेत्र से बीज के 46 नमूने, रासायनिक उर्वरक के 34 नमूने एवं कीटनाशक के 09 नमूने परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गये है। जिनमें से अद्यतन बीज के 29 नमूने एवं रासायनिक उर्वरक के 30 नमूने एवं कीटनाशक के एक नमूने का परीक्षण परिणाम मानक स्तर का प्राप्त हुआ है। शेष नमूनों के परिणाम अद्यतन अपेक्षित है। जिले के निरीक्षकों द्वारा आदान विक्रेताओं के परिसर का निरीक्षण कर स्टाक बुक को प्रतिदिन अद्यतन रखने, मूल्य सूची बोर्ड लगाने तथा कृषकों द्वारा क्रय किये जाने वाले कृषि आदान का पक्की रसीद देने का निर्देश भी दिया गया है।

# दसवी-बारहवी के बेहतर परिणाम हेतु गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई पर दिया जोर





### कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

**कोरिया।** कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्यो को स्कूलों के बेहतर प्रबंधन एवं दसवी-बारहवी की पढ़ाई गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश ताकि बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों के शतप्रतिशत परिणाम आ सके।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने संकुल प्राचार्यो से पिछले वर्ष के दसवी एवं बाहरवी के परीक्षा परिणाम तथा उनके द्वारा की गई तैयारी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिले में बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु परीक्षा विशेष पर जो बिन्दु तैयारी की जायेगी उस पर अमल करते हुए बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई जायेगी। इस वर्ष तिमाही व छमाही की परीक्षा हेतु जिला स्तर पर प्रश्न पत्र तैयार किया जायेगा। साथ ही उत्तर पुस्तिका की मूल्यांकन भी की जायेगी तथा जो कमियों की समीक्षा कर बच्चों को उचित मार्गदर्शन दिया जायेगा। कलेक्टर ने सभी स्कूलों में यूनिट-यूनिट टेस्ट कराने के निर्देश दिये। साथ ही संकुल प्रभारियों को संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों का नियमित निरीक्षण कर प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा संकुल प्राचार्य एवं शैक्षिक समन्वयक अपने संकुल अंतर्गत आने वाली शालाओं को नियमित अवलोकन करे। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई की समीक्षा करें, पढ़ाई में कोताही न बरतें। अधोसरंचना, साफ-सफाई, किचन शेड, खाद्य सामग्री को सुरक्षित रखने, मध्यान्ह भोजन, शिक्षा गुणवत्ता, आदि पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये, साथ ही शौचालय को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए।उन्होनें स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां, खेलकूद, वाद-विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिये ताकि बच्चों को मंच मिले तथा उनमें आत्मविश्वास जागृत हो। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्कूली छात्र-छात्राओं के आय, जाति, निवास-प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड शत-प्रतिशत बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में सभी शिक्षकों की समय पर एवं नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अध्यापन कार्य ईमानदारी पूर्वक करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है तथा अधिकतर बच्चों के पालक कृषि एवं अन्य कार्य में व्यस्त रहते है अत: शिक्षक बच्चों के पालकों से भी नियमित संवाद करें और बच्चों की शिक्षा से उन्हें अवगत कराते रहे। कलेक्टर ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन स्कूल की जानकारी ली। उन्होंने संकुल प्राचार्यों से बारहवीं में अध्ययनरत जो मेडिकल एवं इंजीनियरिंग में प्रवेश हेतु तैयारी करना चाहते ऐसे बच्चों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने दसवी-बारहवी में बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने संकुल प्राचार्यों को अपने अधीनस्थ स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने तथा सभी स्कूलों का भली-भांति जानकारी रखने, अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निभाने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेन्द्र गुप्ता, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहित संकुल प्राचार्य उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत जगतपुर शिविर में श्रमिकों के कार्ड बनाए गए,77 पंजीयन का नवीनीकरण किया





**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार श्रम विभाग द्वारा जिले में 27 अगस्त से 22 अक्टूबर तक विभिन्न ग्राम पंचायतो में श्रम पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस को विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम पंचायत जगतपुर में श्रम पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रम विभाग द्वारा श्रम पंजीयन के लिए 46 तथा नवीनीकरण के 77 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनो का तत्काल पंजीयन एवं नवीनीकरण किया गया।

बता दें कि विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के अंतर्गत 29 अगस्त को ग्राम नगर, 02 सितम्बर को ग्राम उमझर, 04 सितम्बर को ग्राम विशुनपुर, 09 सितम्बर को ग्राम जुनापारा, 11 सितम्बर को ग्राम आमगांव, 13 सितम्बर को ग्राम रटगा, 18 सितम्बर को ग्राम सारा, 20 सितम्बर को ग्राम गदबदी, 24 सितम्बर को ग्राम अमरपुर, 26 सितम्बर को ग्राम मनसुख, 30 सितम्बर को ग्राम पिपरा, 03 अक्टूबर को ग्राम छिंदिया, 07 अक्टूबर को ग्राम नरकेली, 09 अक्टूबर को ग्राम पतरापाली, 11 अक्टूबर को ग्राम सरभोका, 15 अक्टूबर को ग्राम सावांरावां, 17 अक्टूबर को ग्राम तेन्दुआ, 21 अक्टूबर को ग्राम बिलारो में श्रम विभाग के द्वारा श्रम पंजीयन के द्वारा शिविर का आयोजित किया जायेगा।

इसी प्रकार विकासखण्ड सोनहत के अंतर्गत 30 अगस्त को ग्राम सलगवां, 03 सितम्बर को ग्राम भैसवार, 05 सितम्बर को ग्राम ओदारी, 10 सितम्बर को ग्राम पुसला, 12 सितम्बर को ग्राम दामुंज, 16 सितम्बर को ग्राम घुघरा, 19 सितम्बर को ग्राम कटगोड़ी, 23 सितम्बर को ग्राम मधला, 25 सितम्बर को ग्राम नौगई, 27 सितम्बर को ग्राम मझारटोला, 01 अक्टूबर को ग्राम सुन्दरपुर, 04 अक्टूबर को ग्राम केषगवां, 08 अक्टूबर को ग्राम बेलिया, 10 अक्टूबर को ग्राम बोड़ार, 14 अक्टूबर को ग्राम लटमा, 16 अक्टूबर को ग्राम रजौली, 18 अकलासरई, 22 अक्टूबर को ग्राम कुषहा में श्रम विभाग के द्वारा श्रम पंजीयन षिविर का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा।

## डोर-टू-डोर अभियान चलाकर बनाया जा रहा है आयुष्मान कार्ड

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले में डोर-टू-डोर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा डोर-टू-डोर अभियान चलाकर प्रत्येक व्यक्ति का राशन कार्ड एवं आधार कार्ड के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत अन्त्योदय एवं प्राथमिकता के क्रियाशील राशन कार्डधारी परिवारों को योजनांतर्गत पंजीकृत चिकित्सालयों में योजना के निर्धारित चिकित्सा पैकेजों के माध्यम से भर्ती होने की स्थिति में, प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क ईलाज प्रदाय किया जा रहा है। उपरोक्त श्रेणियों के अतिरिक्त राज्य में क्रियाशील अन्य शेष राशन कार्डधारी परिवारों को योजनांतर्गत पंजीकृत चिकित्सालयों में निर्धारित चिकित्सा पैकेजों के माध्यम से भर्ती होने की स्थिति में, प्रतिवर्ष प्रति परिवार 50 हजार रुपये तक के निःशुल्क ईलाज प्रदाय किया जा रहा है।

## 6 सूचकांक पर 30 सितंबर तक आयोजित की जायेगी विभिन्न गतिविधियां

**सूरजपुर।** आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक प्रतापपुर में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत कुल 06 सूचकांक के लक्ष्य को 30 सितंबर तक शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। जिन्हें सफलतापूर्वक सम्पादित करने के लिए कार्यक्रम के अनुसार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिसके लिए जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू को मुख्य नोडल नियुक्त करते हुए, विभिन्न विभागों को कार्यदायिक सौंपा गया है। संपूर्ता अभियान के तहत 01-07 सितंबर को सभी आंगनबाड़ी केंद्र, सेक्टर व ब्लॉक प्रतापपुर में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाएगा। 08 सितंबर राष्ट्रीय साक्षरता दिवस अंतर्गत सभी स्कूलों में प्रभात फेरी चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता व शैक्षणिक संस्थाओं में बुक्स डोनेशन ड्राइव का आयोजन भी किया जाएगा। 17 सितंबर प्रतापपुर ब्लॉक में रोगी सुरक्षा दिवस पर स्वास्थ्य कैम्प लगाए जाएंगें।

# कलेक्टर की संवेदनशील पहल: आधार कार्ड बनाने बुजुर्गों व दिव्यांगों में दिखा उत्साह







**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के संवेदनशील पहल से बैकुंठपुर के एसईसीएल स्टॉफ क्लब, गौतम सदन में सुबह साढ़े दस बजे से जिले के विभिन्न गाँवो से नए आधार कार्ड बनाने, अपडेट करने, त्रुटि सुधार कराने बुजुर्गों, दिव्यांग व महिलाएं बड़ी संख्या में शिविर स्थल पहुंचे थे।

शिविर में यूआईडीआई के विशेषज्ञों की उपस्थिति में आधार संबंधी बायोमेट्रिक मिस मैचिंग, मल्टीपल रीजेक्शन प्रकरण के निराकरण एवं दिव्यागजनों के लिए न्यूनतम शुल्क के साथ आधार कार्ड बनाया गया। यूआईडीआई के प्रतिनिधि के रूप में आए उप संचालक श्री टी. चेतन्य रेड्डी, प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अनित तिवारी एवं प्रोग्रामर सौरव रामटेके ने जानकारी दी कि आधार कार्ड से संबंधित बायोमेट्रिक मिस मैचिंग, मल्टीपल रीजेक्शन प्रकरण, सामाजिक सहायता पेंशन अंतर्गत आधार सीडिंग से संबंधित किसी भी तरह की सुधार सहित वृद्धजनो, दिव्यांगजनों के लिए शिविर स्थल पर करीब 455 लोगों के आधार कार्ड से सम्बंधित कार्य किया गया है। बता दें कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की विशेष पहल से आज विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के ग्राम बारी निवासी श्रीमती सरिता, श्रीमती ताराबाई, श्री निरंजन एवं श्री रंगलाल को ग्राम सचिव श्री नारायण सिंह सिरदार ने शिविर स्थल लाकर इन पांचों सदस्यों का आधार कार्ड बनाने में मदद की। श्री रंगलाल ने बताया कि अब आधार कार्ड बनने से शासन की योजनाओं का लाभ लेने में और सुविधा होगी। इसी तरह सात पण्डो जनजाति के सदस्य आधार कार्ड बनाने पहुंचे थे। ग्राम बड़े आनी से बुजुर्ग श्रीमती कलेशरी बाई अपने पुत्र श्री रामशरण चेरवा के साथ आधार कार्ड बनवाने पहुंची थीं, उनके पुत्र ने बताया कि अब माँ की आधार कार्ड बन जाने से, आयुष्मान कार्ड व अन्य आवश्यक दस्तावेज बनाने में मदद मिलेगी। इसी तरह ग्राम खरवत निवासी श्री तुलसी राम अपने दिव्यांग पुत्र का आधार कार्ड बनवाने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि समाचार पेपर से जानकारी मिलने के कारण वे यहां पहुंचे हैं, इस शिविर के लिए कलेक्टर का आभार जताया। शिविर स्थल मेडिकल टीम के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभ दिलाने के लिए स्टॉल भी लगाए गए थे। शिविर स्थल पर भोजन व्यवस्था भी की गई थी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व शिविर के नोडल अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी एवं अपर कलेक्टर श्री अरूण कुमार मरकाम ने शिविर स्थल पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# बीमारी के प्रकोप के बीच स्टेडियम रोड पर गंदगी का डेरा, मुश्किलों के बीच आवागमन

## भयभीत हैं इलाके के लोग

**कोरबा।** अरसा गुजरने के बाद भी इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक को जाने वाले रास्ते पर वाहनों के जाम और अवैध दखल का मसला नहीं सुलझ सका है। वर्तमान में बीमारियों के प्रकोप के बीच बड़े हिस्से में कीचड़ और जल जमाव से समस्याएं बढ़ी हैं। व्यवसायी और आसपास के लोग संभावित खतरे से डरे हुए हैं। इन सबके बीच मुश्किलों से आवाजाही हो रही है।

औद्योगिक नगर कोरबा में कई प्रकार की समस्याएं कारोबारियों के साथ-साथ आम लोगों को परेशान कर रही है। आवाजाही में भी समस्या पेश आ रही है और इन सब कारणों से कुल मिलाकर व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर पालिक निगम ने बीते वर्षों में करोड़ों रुपए खर्च कर मुख्य स्टेडियम से सीएसईबी चौराहा को जाने वाले मार्ग का निर्माण कराया। इसकी चौड़ाई बढ़ाई ताकि वाहनों की आवाजाही सहूलियत के साथ हो सके और कई प्रकार की परेशानियों को दूर किया जा सके। ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में आने वाले इस मार्ग की बदहाली काफी समय से बनी हुई है। वजह यह है कि स्टेडियम तिराहा से 15 ब्लॉक दुर्गा मंदिर बाइफरकेशन तक का आधा हिस्सा भारी वाहनों ने एक प्रकार से अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रांसपोर्टर्स ने ब्रेकडाउन गाड़ियों के लिए एक तरह से इस हिस्से को यार्ड बना रखा है जिससे परेशानियां बढ़ी हुई है। इस इलाके में कीचड़ के साथ ही बड़ी मात्रा में उपयोग के बाद फेंके गए डिस्पोजल और अन्य सामानों से भी कई प्रकार की





दिक्कत खड़ी हो गई है। चाहकर भी यह सब मौके से नहीं हटाया जा सक रहा है। आसपास के व्यवसायियों ने बताया कि मलेरिया और डेंगू के प्रकोप से शहर के दूसरे हिस्से त्रस्त हैं। मौजूदा स्थिति में हमारे सामने चुनौतियां हैं लेकिन मजबूरी के सामने सबकुछ बर्दाश्त करना पड़ रहा है।

### जर्जर हुआ काम्प्लेक्स

निगम के द्वारा इसी मार्ग पर बनाया गया व्यवसायिक काम्प्लेक्स संरक्षण की कमी से जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। रिसाव के साथ टूट-फूट की समस्या के कारण व्यवसायी वर्ग काफी दिक्कत में है। उन्होंने अपने स्तर पर थोड़ा बहुत सुधार कराया ताकि काम चलता रहे लेकिन समय के साथ खर्चे बढ़ गए हैं। बताया कि उन्होंने यहां की दुर्दशा के बारे में नगर निगम के अधिकारियों को कई मौकों पर अवगत कराया और इसकी वास्तविकता से रूबरू कराया। आश्वासन मिला था कि बहुत जल्द सबकुछ ठीक हो जाएगा लेकिन नतीजे अभी भी यथावत हैं।

### डिवाइडर लगेंगे यहां

इस रास्ते पर समस्या हल करने के लिए 1.28 करोड़ की लागत से स्ट्रीट लाइट सहित डिवाइडर लगाए जाने हैं। इसका टेंडर हो गया है। जल्द ही कार्यादेश के साथ क्रियान्वयन प्रारंभ होगा।

**अखिलेश शुक्ला, जोन प्रभारी**

## गांजा को नष्ट करने मांगी अनुमति

**कोरबा।** जिले के विभिन्न थाना व चौकी के द्वारा बीते वर्षों में बरामद किये गए गांजा को नष्ट करने की कार्रवाई रेंज स्तर पर की जानी है। इसके लिए शुरूआती प्रक्रिया में पुलिस स्थानीय कोर्ट से अनुमति प्राप्त कर रही है। बताया गया कि 2020 से ऐसे मामले लंबित है, जिनमें पुलिस के द्वारा अलग-अलग मात्रा में गांजा जप्ती की कार्रवाई की गई थी। कहीं पर यह मात्रा कम है तो कहीं ज्यादा। बताया गया कि मादक पदार्थों को एक निश्चित समय के बाद अंतिम रूप से विनष्टिकरण किया जाता है। पॉवर प्लांट में यह कार्रवाई की जानी है। अधिकारियों की देखरेख में होने वाली इस प्रक्रिया के लिए रेंज स्तर पर निर्देश दिए गए हैं।

## हसदेव से बरामद किया शव को

**कोरबा।** कोरबी पुलिस ने जलके निवासी संपत कुमार का शव हसदेव नदी से बरामद कर लिया है। आज उसका पोस्टमार्टम कराया गया। बताया गया कि वह मछली पकड़ने के लिए नदी की तरफ गया हुआ था। जाल फेंकने के बाद ही गहराई में जाने के साथ वह लापता हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने संज्ञान लिया। गोताखोरों की मदद से मृतक को निकाला गया।

## स्वर्ण बिंदु प्रासन संस्कार कल



**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा शिव औषधालय एम.आई.जी 20, आर.पी.नगर फेस 2 निहारिका में 30 एवं 31 अगस्त शनिवार को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा।

# मध्य रात्रि तक पुलिस की कार्रवाई, 9 वाहनों को पकड़ा

**कोरबा।** कोरबा में तेज रफ्तार कार की ठोकर से दो युवकों की मौत के बाद लोगों की नाराजगी ने पुलिस को एक्टिव किया है। अब हर तरफ कार्रवाई का दौर जारी है। कटघोरा पुलिस ने रात्रि 1 बजे तक अभियान चलाकर लापरवाह वाहन चालकों की खबर ली। 30600 की पेनाल्टी ऐसे मामलों में की गई है।

थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि ऐसे चालक या तो शराब के नशे में थे या नो एंट्री के बाद घुसे थे अथवा नियम तोड़कर आवागमन कर रहे थे। प्रकरणों में मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई। उन पर पेनाल्टी की गई। एसपी के निर्देश पर यहां मुख्य मार्ग और बायपास पर पुलिस की टीम ने उपस्थिति दर्ज कराई। रात 9 बजे से शुरू किए गए इस अभियान को मध्य रात्रि तक



संचालित किया गया। मैनपावर और आवश्यक उपकरणों के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान शराब के नशे में दो चालक पाए गए। टीआई ने बताया कि सुरक्षित आवागमन वाहन चालकों के साथ-साथ अन्य लोगों के लिए आवश्यक है जो आवाजाही किया करते हैं। चालकों की जरा सी लापरवाही हादसे का कारण बन सकती है और रास्ते में चलने वाले लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल सकती है।

### निगम ने हटाया कब्जा

इधर कोरबा में नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने सक्रियता दिखाई और निहारिका कोसाबाड़ी मार्ग पर सड़क के किनारे अवैध कब्जों को हटाया। लोगों को चेताया गया कि नियम विरूद्ध इस प्रकार की गतिविधियां किए जाने पर एक्शन होगा। इससे पहले पावर हाउस रोड और ट्रांसपोर्ट नगर में अनेक मामलों में निगम ने कार्रवाई की।

## सदस्यता अभियान बनाए जाएंगे संयोजक

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा जिले में कुछ दिनों के बाद सदस्यता अभियान शुरू कर दिया जाएगा। जिसके लिए संयोजक बनाने का काम मंडलों में शुरू हो गया है। कटघोरा मंडल में अभिषेक गर्ग कोसाबाड़ी में सुभाष राठौर दीपका में सूर्यप्रकाश शर्मा हरदी बाजार में नवरत्न राजपूत कोरबा में युगल केंवट सहसयोजक रामशंकर साहू, दीपा राठौर बनाए गए है। आज बालको नगर मंडल4 की बैठक होगी। इस बैठक को पूर्व सभापति अशोक चावलानी, राम त्रिपाठी संबोधित करेगें। यहां पर भी संयोजक के नाम तय किए जाएगें।

## नदी पार कर देर रात पहुंचे दंतैल ने अड़सरा में ढहाया मकान



**कोरबा।** रानीअटारी क्षेत्र से जल्के सर्किल होते हुए उतरदा नदी को पार कर एक विशालकाया वाला दंतैल हाथी देर रात पसान रेंज के अड़सरा गांव पहुंच गया। अचानक पहुंचे इस दंतैल ने यहां उत्पात मचाते हुए गंगासिंह पिता भीम सिंह नामक एक ग्रामीण के मकानों को बुरी तरह ढहा दिया, वहीं कुछ लोगों की फसल भी रौंद दी है। दंतैल के क्षेत्र में पहुंचने व उत्पात मचाए जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है वहीं वन विभाग का अमला भी सतर्क हो गया है। जानकारी मिलने पर अमले ने मौके पर पहुंचकर उत्पाती दंतैल को खदेड़ा। जिस पर उसने जंगल का रूख किया और बलबहरा होते हुए तराईनार पहुंच गया। वर्तमान में वह तराईनार व पिपरहा के बीच स्थित जंगल के बीच विचरण कर रहा है। इस बीच कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज के गीतकुंआरी में सक्रिय हाथी लबेद पहुंच गया है।

## यमराज को चकमा दिया ग्रामीण ने

**कोरबा।** एक लकड़हारे ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी जान बचाई, जिस पर तीन भालुओं ने हमला कर दिया था। घटना के बाद घायल लकड़हारे ने सांस रोकी और लेटा रहा। भालुओं ने समझा कि वह समाप्त हो चुका है और वहां से चले गए। बाद में डायल 112 ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया।

कोरबा जिले बांगो थाना क्षेत्र में यह घटना हुई। बताया जा रहा है,कि चंद्रशेखर लकड़ी लेने जंगल गया था। इसी दौरान तीन भालुओं ने उस पर हमला कर दिया। काफी देर तक दोनों के बीच संघर्ष चला। इस दौरान खून से लथपथ चंद्रशेखर ने एक तरकीब अपनाई। सांस रोककर वह जमीन पर लेट गया। चंद्रशेखर को मरा हुआ समझकर भालू वापस लौट गए। किसी तरह चंद्रशेखर अपने घर पहुंचा फिर मदद के लिए डायल 112 को सूचना दी,जिसके बाद उसे कटघोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इससे पहले भी इस प्रकार की घटना जिले में हुई है जिसमें पीड़ितों ने जंगली जानवरों को चकमा देकर खुद को बचाया। इससे यह बात भी स्पष्ट हो रही है कि समय के साथ जंगली क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का सामान्य ज्ञान हिंसक पशुओं से खुद को बचाने के मामले में बढ़ रहा है।

## प्रबंधन के साथ संयुक्त मोर्चा की चर्चा

**कोरबा।** कुसमुंडा परियोजना में संयुक्त मोर्चा ने प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा था। मांग पत्र पर प्रबंधन ने वार्ता भी की है। लेकिन अब संयुक्त मोर्चा के सदस्य आगे की रणनीति के लिए आज बैठक बुला रहे है। इस बैठक में सॉजी जॉन, समार सिंह, अरूण झा, मिलन पाण्डेय , विनेन्द्र टंडन , अजीत सिंह, एके अंसारी व रमेश मिश्रा मौजूद रहेगें। इन्होंने अपने मांग पत्र में खदानों का निरीक्षण करने एवं ड्यूटी स्थल तक सड़क बनाने की मांग की थी। ड्यूटी स्थत तक सड़क पर डामरी करण करने की मांग रखी गई थी। इसके अलावा चिकित्सालय का भी मुद्दा था। इन सभी मुद्दो पर जेसीसी वार्ता भी हुई है। अब आगे की रणनीति तैयार करने एचएमएस कार्यालय में बैठक होगी। इन नेताओं का कहना है कि जितने भी लंबित मामले है उन मामलो को पूरा किया जाए कोयला काम गारों को आने जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए । एक तरफ प्रबंधन रिकार्ड कोयला उत्पादन चाहता है।

## ठंड ही नहीं अब बारहमासी फूड में शामिल हुए लिट्टी-चोखा

**कोरबा।** इंटरनेशनल लिट्टी-चोखा जे खइलस... जहां गइला झंडा गाड़ के अइलस संसार में। सांसद और भोजपुरी गीतों के गायक मनोज तिवारी का यह अंदाज आपने अनेक मंचों पर सुना होगा। औद्योगिक जिला कोरबा में न केवल इसकी धूम है बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में लिट्टी-चोखा के प्रति लोगों की दीवानगी का आलम यह है कि अब ठंडी सहित बारहमासी फूड आइटम में यह शामिल हो गया है। ट्रांसपोर्ट नगर के साथ-साथ बालकोनगर, एचटीपीएस और कटघोरा व दीपका में लिट्टी-चोखा की दुकानें गुलजार हैं। कारोबारी बताते हैं कि पूछ परख ने हमें उत्साहित किया है। हेल्दी फूड होने के कारण इसकी मांग में तेजी है।



## डिप्टी रेंजर साहू नहीं रहे

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत (मोरगा) केंदई, वन परिक्षेत्र के कोरबी चोटिया सर्किल में पदस्थ मृदु भाषी एवं मिलनसार उप वन क्षेत्रपाल एम. के. साहू का बुधवार को इलाज के दौरान रायपुर के निजी चिकित्सालय में निधन हो गया। वे ब्लड कैंसर से पीड़ित थे। पिछले सात वर्षों से कोरबी चोटिया में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों, सहकर्मियों, शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। अपने पीछे पत्नी सहित एक पुत्र व एक पुत्री को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। स्व. साहू की अंतिम यात्रा ग्राम अमोरा जिला जांजगीर-चांपा मोहल्ला स्थित उनके आवास से निकलेगी व स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



# अच्छे खेल प्रदर्शन से कई खिलाड़ियों को मिलेगा खेल अलंकरण

**कोरबा।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन 29 अगस्त को पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडीटोरियम, रायपुर में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। समारोह में वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिये खिलाड़ियों को अलंकरण पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

कोरबा जिला से शहीद कौशल यादव पुरस्कार वर्ष 2021-22 से किक बाक्सिंग खेल में कु. श्रेया शुक्ला, शहीद कौशल यादव पुरस्कार वर्ष 2022-23 से किक बाक्सिंग खेल में कृष्ण कुमार डड़सेना, शहीद पंकज विक्रम सम्मान वर्ष 2022-23 से वुशू खेल में सुश्री सीमा चौटेल, शहीद पंकज विक्रम सम्मान वर्ष 2021-22 से शूटिंग खेल में कु. श्रुति यादव, शहीद विनोद चौबे सम्मान वर्ष 2021-22 से तैराकी खेल में सुश्री भूमि गुप्ता को अलंकृत किया जाएगा।इसी प्रकार उक्त आयोजन में वर्ष 2021-22 हेतु किक बाक्सिंग खेल में कृष्ण कुमार डड़सेना, तुषार सिंह ठाकुर, सानू मेहराज, भूपेन्द्र पटेल, प्रभात कुमार साहू, हिमांशू यादव, श्रेया शुक्ला, कृति शर्मा, अनु शर्मा, सृष्टि मिश्रा, अशोक साहू, वूशु खेल में सीमा चौटेल तथा वर्ष 2022-23 हेतु किक बाक्सिंग खेल में कृष्णा कुमार डड़सेना, तुषार सिंह ठाकुर, सोमेश साहू, अंकुश लाल यादव, अशोक साहू, चंदन पटेल, हिमांशु यादव, श्रेया शुक्ला, अनु शर्मा, पूर्णा साहू, रमनदीप कौर, सोनिया शर्मा, आदित्या पाल, लोकिता चौहान, रेहाना फातिमा, कल्पना मेहता, गितेश यादव को नगद राशि सम्मान प्रदाय किया जाएगा।

## दूर हुई पक्षी प्रेमियों की चिंता

**कोरबा।** तोता व अन्य पक्षियों को पालने वालों की चिंता अब फिलहाल दूर हो गई है। वन विभाग ने अपने उस आदेश को स्थगित कर दिया है जिसमें उसने कहा था कि पाले गए तोते व पक्षियों को एक सप्ताह के भीतर विभाग के हवाले करना होगा अन्यथा कार्रवाई करेगी।

नमः शिवाय
बेचना है
इंदिरा स्टेडियम रोड कोरबा में 1 एकड़ + व्यवसायिक प्लाट, दुकान और भी बहुत कुछ उपलब्ध है।
संपर्क करें
62681-46606

# खेल दिवस पर बालको ने खिलाड़ियों को वितरित किए स्पोर्ट्स किट

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर समुदाय के युवाओं को स्पोर्ट्स किट वितरित किये। कंपनी ने इस पहल से खेल को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पहल का उद्देश्य युवाओं में खेल क्षमता का विस्तार और खेल भावना की संस्कृति को बढ़ावा देना है। कंपनी निरंतर समुदाय के युवाओं की प्रतिभाओं में बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है।

स्पोर्ट्स किट में बैडमिंटन, हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल जैसे विभिन्न खेलों के समान शामिल थे। वित्तवर्ष 2025 में कंपनी ने 5 समुदाय स्पोर्ट्स किट वितरित किए गए हैं। किट वितरण के साथ ही निकट भविष्य में खेलों को बढ़ावा देने तथा अधिक क्षेत्रों में विस्तारित करने की योजना है। कंपनी के इस पहल से अभी तक 3,700 से अधिक लाभान्वित हुए हैं।



पहल की मदद से उन्हें अपने खेल कौशल को विकसित करने के लिए आवश्यक उपकरण और अवसर प्राप्त हुए हैं। कंपनी का उद्देश्य है कि इस पहल का लाभ ऐसे क्षेत्रों के युवाओं को मिले जहाँ ऐसे संसाधनों तक पहुँच सीमित है। इससे उन्हें नियमित खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। अगली पीढ़ी के एथलीटों में खेल भावना और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस प्रोत्साहन से मौजूदा खेल समितियों को पुनर्जीवित और मजबूत किया है। स्थानीय स्टेकहोल्डर के समर्थन से नई समितियों के गठन को भी बढ़ावा दिया है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि ओलंपिक में भारतीय एथलीटों के उल्लेखनीय प्रदर्शन ने एक बार फिर हमारे युवाओं की अपार क्षमता को उजागर किया है। हम विभिन्न अवसर, संसाधन और प्रशिक्षण क्षमताओं को बढ़ाकर जमीनी स्तर पर खेलों को प्रोत्साहित करने में विश्वास करते हैं। उचित खेल संसाधन तक पहुँच सुनिश्चित करने तथा नियमित खेल अवसरों से हम भविष्य के चैंपियन के लिए नींव रख रहे हैं। ऐसे पहल एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। खेल में प्रतिभाशाली युवाओं के प्रोत्साहन और सशक्तिकरण से वैश्विक मंच पर हमारे देश को स्पोर्ट्स क्षेत्र में मजबूती मिलेगी।

पहल की सराहना करते हुए सोनपुरी की सरपंच मीना बाई कंवर ने कहा कि बालको हमेशा स्थानीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित रहा है। कंपनी अपने विकास परियोजनाओं स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि समुदाय में खेल उपकरण वितरित करने का कार्य सराहनीय है क्योंकि यह शारीरिक गतिविधि और खेलों को प्रोत्साहित करेगा जिससे स्वस्थ समुदाय का निर्माण होगा।

बालको ने हमेशा समुदाय के युवाओं में खेल और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बालको बालकोनगर में डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्टेडियम का प्रबंधन करता है जो स्थानीय युवाओं और बच्चों को अपने खेल कौशल को विकसित करने और निखारने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करता है। स्टेडियम खेलने की सुविधा प्रदान करने के साथ युवाओं और बच्चों का प्रिय स्थान है। स्टेडियम में हर महीने लगभग 9,000 खेलप्रेमी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। खिलाड़ी क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी और तायक्वोंडो आदि खेलों के लिए इसका उपयोग करते हैं।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com